शुक्रवार
10 मई 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज

जनता कांग्रेस की रणनीति को अच्छी तरह से जान चुकी है 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

स्टडी में दावा... 65 साल में देश में हिंदुओं की आबादी 7.8% घटी, मुस्लिमों की 43.15% बढ़ी

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की एक स्टडी से पता चला है कि भारत में 65 साल के दम्यान हिंदुओं की आबादी घट गई है। देश में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक धर्म वाले हिंदुओं की आबादी 7.8% घट गई है। जबकि कई पड़ोसी देशों में बहुसंख्यक समुदाय की आबादी में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। स्टडी के मुताबिक, भारत में हिंदू आबादी कम हो गई है। जबकि मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और सिखों समेत अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी बढ़ गई है। हालांकि, इस अवधि में जैन और पारसियों की संख्या में कमी आई है। 1950 और 2015 के बीच भारत में मुस्लिम आबादी में 43.15% की बढ़ोतरी हुई है। ईसाइयों में 5.38%, सिखों में 6.58% और बौद्धों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है. स्टडी के अनुसार, 1950 में भारत की जनसंख्या में हिंदुओं की हिस्सेदारी 84% थी। 2015 तक यह घटकर 78% हो गई है। इसी अवधि में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84% से बढ़कर 14.09% हो गई है। म्यांमार के बाद भारत अपने पड़ोसी देशों में दूसरे नंबर पर है, जिसकी बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है। म्यांमार में 10% और भारत में 7.8% बहुसंख्यक आबादी घटी है। भारत के अलावा नेपाल में बहुसंख्यक समुदाय (हिंदू) की आबादी में 3.6% की गिरावट देखी गई। इसमें दुनियाभर के 167 देशों का अध्ययन किया गया है। स्टडी के लेखकों का कहना है, दुनिया के ट्रेंड को देखते हुए भारत में एक स्थिरता पाई गई है। लेखकों का कहना है, डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में अल्पसंख्यक ना केवल सुरक्षित हैं, बल्कि जनसंख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

पाकिस्तान, बांग्लादेश में बहुसंख्यक मुस्लिम बढ़ेः भारत में जहां बहुसंख्यक समुदाय की जनसंख्या घटी है तो पड़ोसी देशों की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। बांग्लादेश में बहुसंख्यक समुदाय मुसलमानों की सबसे ज्यादा 18.5% आबादी बढ़ी है। उसके बाद पाकिस्तान में 3.75% और अफगानिस्तान में 0.29% मुस्लिम आबादी बढ़ी है। पाकिस्तान में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय (हनफी मुस्लिम) की हिस्सेदारी में 3.75% की वृद्धि और 1971 में बांग्लादेश अलग देश बनने के बाद कुल मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 10% की वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट पर तेजस्वी ने उठाए सवाल... कहा- बिना जनगणना यह कैसे तय हो गया कि हिंदू आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है

पटना। हिंदू-मुस्लिम आबादी को लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट आने के साथ ही इस पर विवाद शुरू हो गया है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि बिना जनगणना यह कैसे तय हो गया कि हिंदू आबादी घट रही है और मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। उन्हें हिंदू-मुस्लिम की भावना छोड़ देश के मुद्दों पर बात करनी चाहिए।

राजद नेता ने आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि रिपोर्ट कहती है कि देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 7.82 प्रतिशत कम हो गई 1950 और 2015 के बीच, मुसलमानों की संख्या 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर कोई भी भाजपा नेता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बात करेंगे या नहीं? बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में पीएम बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सिर्फ समाज में दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है। वे संविधान को बदलना चाहते हैं। हम विभाजनकारी ताकतों को समाज में दरार पैदा करने की अनुमति नहीं देंगे।

तमिलनाडु के विरुधुनगर में हुआ दर्दनाक हादसा, 10 लोगों को बचाया गया

शिवकाशी की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट सात कमरे जमींदोज, आठ लोगों की मौत

◆ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि घटनास्थल से करीब एक किमी दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी

एजेंसी/चेन्नई

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के शिवकाशी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और अग्निशमन कर्मी बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचे और घायलों को विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। इनमें दो की हालत गंभीर है। इस पटाखा फैक्ट्री में 50 से ज्यादा कमरों में 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है ब्लास्ट इतना भयंकर था कि घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। यह पटाखा फैक्ट्री जिले के शिवकाशी में एक सुनसान जगह पर संचालित की जा रही थी इसी बीच अचानक से फैक्ट्री में विस्फोट गया। धमाका होते ही फैक्ट्री के अंदर चीख-पुकार मच गई और बाहर खड़े लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

एक कमरे में हुआ विस्फोट बगल के कमरों तक फैल गया। इसमें इमारतें ढह गईं और सात कमरे जमींदोज हो गए। फिलहाल इस भीषण हादसे में शामिल 10 लोगों को बचाया जा चुका है और दमकल विभाग और पुलिस बचाव कार्य में जुटी हुई थी। शिवकाशी भारत की आतिशबाजी राजधानी है। इसका वार्षिक कारोबार 6,000 करोड़ रुपये है और यह 1 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और लगभग ढाई लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है।

मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस दुखद दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि शिवकाशी के पास एक निजी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में 8 श्रमिकों की मौत की दुखद खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने तुरंत विरुधुनगर के जिला कलेक्टर से संपर्क किया है और उन्हें जल्द से जल्द बचाव अभियान चलाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि घायलों को उचित इलाज मिले। मैं मृत श्रमिकों के परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और संवेदना व्यक्त करता हूं। पीड़ितों को राहत सहायता चुनाव आयोग की मंजूरी से दी जाएगी।

अयोध्या के रामसेवकपुरम में लगी भीषण आग, घंटों बाद नहीं पहुंची फायरब्रिगेड टीम

अयोध्या। अयोध्या के रामसेवकपुरम में गुरुवार को भीषण आग लग गई। इससे लाखों का नुकसान हो गया। अज्ञात करणों से रामसेवक पुरम में आग लगी है। लाखों रुपए का सामान जलकर स्वाहा हुआ। फायर ब्रिगेड की बड़ी लापरवाही सामने आई है। घटना के घंटों बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची है। स्थानीय लोगों के साथ कारसेवक पुरम के पदाधिकारीयो ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने नाराजगी जताई है। वहीं आग को बुझाने में कुछ कार्यकर्ता और कारीगर भी घायल हुए जिन्हें अयोध्या के श्री राम हॉस्पिटल दिखाने भेजा गया। अयोध्या के रामसेवकपुरम में राम मंदिर निर्माण के लिए आए पत्थरों को रखा गया है। शरद शर्मा ने बताया कि अज्ञात कारण से लगी आग, पर काबू पाया गया है। उन्होंने बताया कि रामसेवकपुरम में निर्माण कंपनी के लोग रहते हैं और मंदिर निर्माण में लगाए जानें वाले पत्थरों को वहीं रखा गया है। आग को बुझाने में कुछ कार्यकर्ता और कारीगर घायल हो गए थे।

आदेश.. 10वीं पास के बाद 11वीं में वहीं कराना होगा नामांकन

पटना। बिहार बोर्ड मैट्रिक पास करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा विभाग की ओर से सख्त आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार, स्टूडेंट का 11वीं कक्षा में नामांकन उसी स्कूल में होगा, जहां से वो पास हुआ है। यदि कोई स्टूडेंट किसी विशेष परिस्थिति में दूसरे स्कूल में नामांकन कराना चाहता है तो उसे जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

आदेश के अनुसार, उनके द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित स्कूल स्थानांतरण प्रमाणपत्र के आधार पर स्पॉट एडमिशन के दौरान उसका नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। ये भी कहा गया है कि जिला पदाधिकारी को हस्ताक्षर के समय इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि स्टूडेंट का नामांकन दूर के स्कूल में नहीं हो। बता दें कि शिक्षा विभाग की ओर से इस आदेश को बुधवार को जारी किया गया है। जारी आदेश में गाइडलाइन देते हुए स्थिति को साफ कर दिया है। इस दौरान शिक्षा विभाग ने पत्र लिखा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव को लिखा गया है। जिसमें लिखा है कि विभागीय निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। शिक्षा विभाग का यह आदेश चालू शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए लागू किया गया है।

राहुल गांधी का दावा... नरेंद्र मोदी के हाथ से निकल रहा चुनाव, नहीं बनेंगे दुबारा पीएम

एजेंसी/नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा दावा किया है। राहुल गांधी का कहना है कि 4 जून को जब चुनाव परिणाम की घोषणा होगी तो इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा। इसके बाद सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया का काम शुरू होगा। इसके साथ ही राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भी लोगों को सावधान रहने की हिदायत दे डाली। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है। वह दुबारा पीएम नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो मैसेज ट्वीट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी स्लिप कर रहे हैं। वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। कांग्रेस का मानना है कि कम वोटिंग से उसे फायदा होगा।

यह चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी के बीच है : अमित शाह

हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि यह चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी चुनाव का चुनाव है। गृह मंत्री ने कहा कि यह चुनाव विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच हो रहा है। वह तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूदा संसदीय चुनाव को राहुल की चीनी गारंटी के खिलाफ मोदी की भारतीय गारंटी के बीच एक प्रतियोगिता भी बताया। कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएमको तुष्टीकरण का त्रिकोण बताते हुए गृह मंत्री ने कई हमले किए और कहा कि ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना में चार लोकसभा सीटें जीती थीं, इस बार वह 10 सीटें जीतेगी। कहा कि ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।

पहली बार बिहार में रोड शो करेंगे पीएम मोदी, 12 को होगा कार्यक्रम

केटी न्यूज/ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 12 मई को बिहार की राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। यह उनका पहला रोड शो होगा जो बिहार में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्हें बिहार की जनता के साथ मिलकर चुनाव प्रचार करने का मौका मिलेगा। पीएम मोदी के रोड शो की यात्रा 12 मई को शुरू होगी। उन्हें पटना एयरपोर्ट पर स्वागत किया जाएगा, और वह राजभवन पहुंचेंगे, जहां राज्यपाल उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद, उनका रोड शो बेली रोड पर शुरू होगा, जो हाई कोर्ट के पास है। उनकी यात्रा डाक बंगला और गोलंबर तक जाएगी, जहां वे जनता से मिलेंगे और उनके विकास कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान उनके निशाने पर राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव भी होंगे। भाजपा के नेताओं का दावा है कि इस पहले रोड शो में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरेंगें। इस अवसर पर बिहार की जनता को पीएम मोदी के विकास कार्यक्रमों की जानकारी मिलेगी और वे उनके नेतृत्व में भारत के विकास की ओर बढ़ रहे हैं।

हिसार जेल में बंद रेपिस्ट जलेबी बाबा का अंत

केटी न्यूज/ हरियाणा

हिसार जेल में जलेबी बाबा उर्फ बिल्लू अमरपुरी की मौत हो गई। जलेबी बाबा को 120 से अधिक महिलाओं की रेप का दोषी पाया गया था।वो 14 साल से जेल की सजा काट रहा था। बुधवार को हिसार जेल में उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे अग्रोहा पीजीआई ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। म्नवंबर 2020 में पुलिस ने जांच पूरी कर बाबा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की। मामले में कुल 20 से अधिक लोगों ने बाबा के खिलाफ गवाहियां दी। इसमें कई पीड़ित महिलाओं, अधिकारियों और एफएसएल अधिकारियों के बयान भी कोर्ट में दर्ज कराए गए थे। पुलिस को बाबा के आश्रम में छापेमारी के दौरान अफीम अफीम मिली थी। इस मामले में भी बाबा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। फतेहाबाद जिले के टोहाना में जुलाई 2018 में एक वीडियो वायरल हुआ था।जलेबी बाबा महिलाओं को नशीली चाय पिलाकर उनसे दुष्कर्म करता था।उसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जिसमें जलेबी बाबा महिलाओं के दुष्कर्म कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसके आश्रम में रेड डाली जहां 30 से ज्यादा सेक्स सीडी बरामद हुई थी। बाबा महिलाओं के वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता था। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने उसके खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया था।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

केटी न्यूज/लखीमपुर खीरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। सीएम योगी गुरुवार को गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही है। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे अयोध्या नई अयोध्या बन गई है। काशी विश्वनाथ धाम जगमगा रहा है। ऐसे ही छोटी काशी को भी हम लोग उसी सुंदरीकरण के साथ जोड़ने का काम करने जा रहे हैं। फोर लेन के साथ यहां सुंदर गलियारा होगा। एक एक व्यापारी को बसाने का काम होगा, किसी को उजाड़ा नहीं जाएगा। कहा कि कांग्रेस के समय में देश में घुसपैठ होती थी। आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहा था, विकास का कार्य ठप था। गरीबों को मिलने वाली योजनाओं में बंदरबांट होता था। आज तो 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

JGG FARM FOOD INDUSTRIES PVT. LTD
स्वाद प्यार का सेहत परिवार का
GR
Rozana
Gold
Platinum
Silver
Titanium
Pearl
Miniket
Diamond
Factory Address : Tiri, NH-107, PO- Tiri Dhanchhoa- 852121
Saharsa (Bihar), Cont - +91- 8405903701|
www.grgroups.co.in | info@grgroups.co.in
CIN NO – U15549BR2017PTC035566

लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस की रणनीति को अच्छी तरह से जान चुकी है

बोले चिराग...अडानी-अंबानी पर चुप होकर कांग्रेस ने बीजेपी को दी जीत

केटी न्यूज/पटना

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर चिंता जताई कि जब से चुनाव शुरू हुआ है तो कांग्रेस पार्टी के शहजादे (राहुल गांधी) ने अडानी और अम्बानी को गाली देना बंद कर दिया है। पिछले पांच साल से कांग्रेस के शहजादे सुबह उठते ही अडानी-अम्बानी की माला जपने लगते थे। लेकिन अचानक उन्होंने अडानी अम्बानी को गालियां देना बंद कर दी, जरूर दाल में कुछ काला है। उसके बाद अब इस मामले में चिराग पासवान ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। चिराग पासवान ने कहा है कि, कांग्रेस के वह लोग जो रोज अडानी -अम्बानी का नाम लेकर हमलोगों को ये लोग घेरने का काम करते थे। अडानी -अंबानी को लेकर कई तरह की बातें करते थे वह लोग आज चुप क्यों हैं । उनको (कांग्रेस) बताना चाहिए न आखिर चुनाव के बीच समय में वह लोग इन मुद्दों को ही उठाना क्यों बंद कर दिया। इसके आगे चिराग ने कहा कि पिछले 1 साल से यह लोग हर जगह पार्लियामेंट से लेकर जहां भी मौका मिलता था एक ही बात बोलते थे कि अडानी अंबानी ने सरकार को ऐसा तो सरकार को वैसा। अब आज चुनाव के समय में क्यों नहीं बोल रहे हैं। कांग्रेस के इस रवैया से अब तो यह साफ हो गया है कि उनके तरफ से जो हम लोगों पर आरोप लगाए जाते थे वह आप गलत है और इसमें कहीं कोई सच्चाई नहीं थी। चिराग पासवान ने कहा कि कांग्रेस कभी देश के विकास के मुद्दे पर बात नहीं करती है। बल्कि वह समाज को दो हिस्सों में बांटकर सत्ता में आना चाहती है। हालांकि इस बार भी जनता जान चुकी है कि उनका विकास किसके साथ है। आने वाले समय में कांग्रेस की स्थिति और दयनीय होती चली जाएगी। इसके लिए वह खुद जिम्मेदार है।

भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश रच रही कांग्रेस : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

पटना। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने अपनी ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया है कि पिछले 65 वर्षों में हिंदुओं की जनसंख्या में करीब 8 फीसदी की कमी आई है जबकि दुनियाभर में 43 फीसदी मुसलमानों की संख्या बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद नया विवाद छिड़ गया है। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेवार बताया है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि 1950 से लेकर 2015 तक इन 65 वर्षों में तकरीबन हिंदुओं की जनसंख्या में 8 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है जो चिंता का विषय है और इसकी पूरी की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस की है क्योंकि कांग्रेस ने रोहिंग्या सहित अन्य मुसलमानों को भारत में पराश्रय दिया गया। कांग्रेस ने उनके ऊपर कभी भी अंकुश लगाने की कवायत नहीं की गई। जिसके कारण धीरे-धीरे हिंदुओं की जनसंख्या घटती चली गई। गिरिराज ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के द्वारा गजवा ए हिंद की तैयारी की जा रही है। भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की दिशा में काम किया जा रहे हैं। यह लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीतिक करते हैं। देश की संप्रभुता से इनका कोई सरोकार नहीं है। देश में मुस्लिम की आबादी लगातार बढ़ती ही जा रही, जो चिंता का विषय है। यह हिन्दुओ के लिए बड़ा सबक है। इसके लिए सभी को जागृत होना पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव का पर्चा दाखिल करने आये प्रत्याशी को भोजपुर पुलिस ने धर दबोचा

केटी न्यूज/पटना

भोजपुर पुलिस ने नॉमिनेशन के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया है। निर्दलीय प्रत्याशी लोकल पार्टी भारतीय क्रांतिवीर पार्टी के प्रत्याशी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज हैं जिन्हें पुलिस ने डीएम कार्यालय से ही गिरफ्तार कर लिया। दर्जनों समर्थकों के साथ आये प्रत्याशी को समझ नही आया कि यह क्या हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरा में इस चुनाव में पहली बार नॉमिनेशन के दौरान किसी प्रत्याशी की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि आपराधिक मामला होने के वजह से कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज की गिरफ्तारी हुई है।उम्मीदवार कृष्ण कुमार उर्फ वैध राज पासवान पर दर्ज हैं कई आपराधिक मामले भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि नॉमिनेशन करने आये कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदेश थाना में पहले से कई मामले हैं, जिसमे इनके द्वारा बेल लिया गया है लेकिन इस साल दर्ज केस 47/24 में इन्होने अपना बेल नहीं कराया था। कांड दर्ज होने के बाद से यह लगातार फरार चल रहे थे। तभी आज सूचना मिली कि धारा 307 के आरोपी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज नॉमिनेशन फाइल करने आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहले से घेराबंदी कर रखी थी। फिलहाल पुलिस ने कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज के समर्थकों का कहना है कि वह पहले भी कई चुनाव लड़ चुके हैं। एमएल व एमपी समेत जिला परिषद का चुनाव भी कृष्ण कुमार लड़ चुके हैं। इनके द्वारा खुद की पार्टी बनाई गई है, जिसका नाम भारतीय क्रांतिवीर पार्टी है। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने उन्हें जेल का रास्ता दिखा दिया है।

नवादा में नवयुवक को पहले पीटा फिर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाया, पुलिस झाड़ रही पल्ला

केटी न्यूज/नवादा

नवादा जिले में कौआकोल-झारखंड की सीमा पर जंगल में एक युवक को बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाकर मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड की सीमा पर कौआकोल थाना क्षेत्र और झारखंड के सीमावर्ती झरनमां जंगल में पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया। मृत युवक की पहचान झारखंड के गिरीडीह जिला अंतर्गत गांवा थाना के डूमरझारा निवासी सोमर साव के पुत्र मुकेश कुमार साव (30) वर्ष के रूप में की गई है। घटना के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीगदर में हो रहे तालाब के निर्माण में डूमरझारा निवासी सोमर साव का ट्रैक्टर मिट्टी ढोने का काम करता है। मुकेश अपने भाई छोटू साव के साथ बाइक पर डीजल लेकर ट्रैक्टर में डालने के लिए जा रहा था। इसी बीच झरनमां के पास पूर्व से घात लगाए बैठे पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने बाइक को रोक कर मुकेश को उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। तथा बाइक तथा उसके उपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। प्राथमिकी दर्ज कौआकोल पुलिस करेगी, जिसके बाद मृतक के परिजन कौआकोल थाना पहुंचे और घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। कौआकोल पुलिस फिर उसे यही कहकर लौटा दिया कि मामला झारखंड का है। इसलिए मुझे प्राथमिकी दर्ज करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता।

अपराधियों ने हाई स्कूल के प्राचार्य के पुत्र को मारी गोली, मौत

समस्तीपुर। समस्तीपुर में अपराधियों ने एक हाई स्कूल के हेडमास्टर के पुत्र पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें हेडमास्टर पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस घटना में एक कपड़ा व्यवसायी को भी गोली लगी है, जिसे जख्मी हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खोकसाहा चौक की है। मृतक की पहचान बेलसंडी तारा गांव निवासी सीताराम चंद्र सिंह के पुत्र धीरज कुमार (27) के रूप में की गई है, जबकि जख्मी दुकानदार उसी गांव का कन्हैया कुमार है। वहीं इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का मौहाल कायम हो गया है। पुलिस ने नजाकत को भांपते हुए तुरंत स्थिति को अपने काबू में कर लिया। ताकि कोई परेशानी उत्पन्न नहीं हो सके।

हत्या के मामले में पांच आरोपियों को 14 साल की सख्त सजा

भागलपुर। भागलपुर व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे 10 के न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत में गुरुवार को सजा के बिंदू पर सुनवाई हुई। जहां हत्या मामले में पांच आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत में अपर लोक अभियोजक बिंदेश्वरी लाल यादव ने सरकार की तरफ से दलीलें पेश की और दोषी पाए जाने पर पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं, अपर लोक अभियोजक ने बताया कि सनोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड संख्या 17/10 जुड़ा है।

ऑर्थोपेडिक्स क्लिनिक
आवासीय क्लिनिक : बीडीओ ब्लॉक रोड (पार्वती चन्द्रा होटल के गली में) आरा
डा. वीरेन्द्र कुमार
एम.बी.बी.एस. डी आर्थो (पी.एम.सी.एच)
एफ.आई.एम.एस (यू.के.)
भूतपूर्व आर्थोपेडिक्स सर्जन, गुजरात सरकार
हड्डी जोड एवं नस रोग विशेषज्ञ

भागलपुर में बस ने दो छात्रा को रौंदा, एक की मौत

भागलपुर। भागलपुर जिले के कजरैली थाना क्षेत्र के अमरपुर-भागलपुर मार्ग कजरैली थाना महज दो सौ मीटर दूरी के लक्ष्मीनीय पुल के पास दो साईकिल सवार छात्रा को गुरुवार की शाम को तेज रफ्तार बस ने रौंद दिया। जिससे की एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरी छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हैं। इधर, घटना की सूचना पर पहुंचे आसपास के लोगो ने बस को जब्त स्थानीय लोगो ने भागलपुर- अमरपुर मुख्य मार्ग को तीन घंटा जाम कर दिया।

रोहतास पुलिस ने जिंदा को बता दिया मृत

केटी न्यूज/रोहतास

रोहतास जिले में बिक्रमगंज थाना के पुलिस का एक अजीबो गरीब हरकत सामने आया है। जहां जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित कर पोस्टमॉर्टम करा दिया। दरअसल, पूरा मामला रोहतास जिले के बिक्रमगंज इलाके में दो ट्रकों की टक्कर में एक वाहन चालक तथा संचालक की मौत से जुड़ा हुआ है। बता दें कि यूपी के संतकबीर नगर के प्रधान राधेश्याम मौर्य ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक में टक्कर हो गई। इसमें एक ट्रक के चालक शिव कुमार तथा सहचालक मोहम्मद समीम पिता समीउल्लाह ग्राम भेलान खुर्द को मृत बताकर दोनों शवों को सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमॉर्टम करा दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद जब आश्रितों के शव स्वीकार करने की बारी आई तो पुलिस कि इस हरकत को देखकर परिजन अचंभित हो गए हैं। परिजनों ने खुलासा करते हुए बताया कि मोहम्मद समीम जो जिंदा है जो यूपी में अपने घर पर है। जबकि इस घटना में बताया गया कि सहचालक यूपी के बड़गो निवासी मोहम्मद शब्बीर के पुत्र समीम की मौत हुई है। ऐसे में सदर अस्पताल सासाराम में खुलासा होने पर घंटों देर तक हाय-तौबा मचा रहा। मामले की जानकारी यूपी के प्रधान राधेश्याम मौर्य ने देते हुए कहा कि इस संबंध रोहतास एसपी से मोबाइल फोन पर कई बार बात करने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया तो इसकी जानकारी मैसेज के माध्यम से रोहतास एसपी को दिया गया। बड़ी बात है कि जब रोहतास एसपी को जिंदा को मृत्यु घोषित करने की जानकारी दी गई तो उन्होंने मजाक उड़ाते हुए मीडिया के त्रुटियों का हवाला देते हुए बचते नजर आए। इससे स्पष्ट हो गया था कि कोई बड़ी गलती हुई है।



CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)

REGISTRATION & ADMISSION STARTED

ELIGIBILITY CRITERIA
- DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
- ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.

SCHOLARSHIP SCHEME
- CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (*100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE*) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
- CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (*50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE*) FOR BOTH CLASSES XI & XII.

CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY

TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80%
2nd ANKIT KUMAR 92.60%
3rd SANJANA KUMARI 92.00%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
English Core - 97
Hindi Elective- 95
Physics - 95
Mathematics - 95
Biology - 96
Chemistry - 95
Accountancy - 95
Business Studies- 93
Economics - 94

TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80%
2nd RUKHSAR NAAZ 95.00%
3rd SANANDAN DUBEY 94.80%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
English - 94
Sanskrit - 100
Hindi - 95
Mathematics - 100
Science - 96
Social Science - 100

INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, *Dr. Jagnarayan Hospital Campus*) on all working days from 08 AM to 2 PM.

☎ 8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
LIMITED SEATS Hurry Up

S2 Mall
RERA REG NO. - BRERAP00017-4/200/R-111/2018
SCPL
APPROVED RERA APPROVED
ESCALATOR FOOD COURT SHOPPING
FINE DINE RESTAURANT KIDS ZONE MULTIPLEX
SHANTI CREATION PVT. LTD.
For Booking Contact : 9431019808, 9693777038
Reg H.O. : G-1, Vidya Vatika Apartment, East Boring Canal Road, Gorakh Nath Lane, Patna - 800001
E-Mail : shanticreationpvtltd@gmail.com | Web : www.scplpatna.in

अक्षय तृतिया का खास बन रहा संयोग, देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की होती है पूजा

- अक्षय तृतीया का पर्व वसन्त और ग्रीष्म के सन्निपात का है महोत्सव
- सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा होता है शुभ
- अक्षय तृतीया तिथि प्रातःकाल 05:31 से शुरू होकर 04:37 अगले प्रातःकाल तक रहेगा

केटी न्यूज/बक्सर

अक्षय का शाब्दिक अर्थ हैं--जिसका कभी नाश न हो अथवा स्थायी रहे। यह अक्षय तृतीया तिथि ईश्वर तिथि हैं। यह अक्षय तृतीया तिथि परशुराम जी का जन्मदिन होने के कारण परशुराम तिथि भी कही जाती हैं। परशुराम जी चिरंजीवी थे। अतःयह तिथि चिरंजीवी तिथि भी कही जाती हैं। चारों युगों सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापर ,और कलियुग में से त्रेतायुग का आरम्भ इसी आशातीत को हुआ है। जिसके चलते इसे युगांतर तिथि भी कहते है। विष्णुप्रिया, मत्स्यपुराण, नारद पुराण, तथा भविष्यपुराण में इसका विस्तृत उल्लेख है। अक्षय तृतीया का पर्व वसन्त और ग्रीष्म के सन्निपात का महोत्सव है।अक्षय तृतीया को दिये गये दान और किये गये स्नान, जप,तप,हवन आदि कर्मो का शुभ और अनन्त फल मिलता है। यह बातें आचार्य त्रय पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान-पुण्य के कार्य भी शुभ माने गए हैं। विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया तिथि प्रातःकाल 05:31 से शुरू होकर 04:37अगले प्रातःकाल तक रहेगा। पूरा तिथि ही स्वयं सिद्ध मुहूर्त होता हैं। ऐसी मान्यता है कि जो साधक इस दिन श्रद्धा के साथ पूजा करते हैं। उन्हें भौतिक सुखों का वरदान मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह दिन भगवान कृष्ण की पूजा के लिए भी बहुत खास है।

100 साल बाद अति शुभ योग

ज्योतिषाचार्य पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कहा इस साल 10 मई को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाया जाएगा। करीब 100 साल बाद अक्षय तृतीया के दिन वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति होने जा रही है। इसलिए गज केसरी राजयोग का निर्माण होने जा रहा है, जो अति शुभ माना जाता है। इसके साथ ही रवि योग, मालवय योग, उत्तम योग का भी निर्माण होने से इसका तीन राशि के ऊपर बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है।

अक्षय तृतीया का अध्यात्म दर्शन और शास्त्रीय महत्वः ज्योतिषाचार्य पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि भारतीय कालगणना के अनुसार छः स्वयं सिद्ध अभिजित मुहूर्त हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा,रामनवमी,अक्षय तृतीया, विजया दशमी,दीपावली के पूर्व की प्रदोष तिथि,और अक्षय नवमी।वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया या आशातीत भी कहते हैं।

स्नात्वा हुत्वा च दत्त्वा च जप्त्वानन्तफलं लभेत्। : पं. नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार सत्ययुग की शुरूआत तिथि, कल्पेश से त्रेतायुग की प्रारंभ तिथि इसी तिथि से हुआ है। वैशाख मास स्नान व्रत करने वाले लोगों के साथ-साथ अन्य लोग भी आज की तिथि महत्ता को देखते हुए जल से भरे कलश, पंखे, चरणपादुका, छाता, गौ, भूमि, स्वर्ण आदि का दान करते है। आज के दिन गंगा स्नान, मृत पितरों का तिल से तर्पण, जल से तर्पण और पिंडदान काफी विशेष महत्व शास्त्रों मे वालिया गया है। ऐसा विश्वास किया जाता हैं कि इसका फल अक्षय होगा।

किसानों के लिए अच्छी होगी इस वर्ष फसल सुखद संयोगः अक्षय तृतीया में तृतीया तिथि सोमवार और रोहिणी नक्षत्र तीनों का सुयोग बहुत श्रेष्ठ माना जाता है। इस बार रोहिणी और तृतीया का संयोग हैं। किसानों में यह लोक विश्वास है कि यदि इस तिथि को चन्द्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल के लिए अच्छा होगा और यदि पीछे होगी तो उपज अच्छी नही होगी। इस सम्बन्ध में भंडारी की कहावतें भी लोक में प्रचलित हैं।

अखै तीज रोहिणी न होई। पौष अमावस मूल न जोई।।

राखी श्रवण हीन विचारो। कार्तिक पूनम कृतिका टारो।।

महि माहों खल बलहिंप्रकासै। कहत भंडुरी सालि बिनासै।।

अर्थात वैशाख मास की अक्षय तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षाबंधन के दिन श्रवण और कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका न हो ,तो पृथ्वी पर दुष्ट का बल बढ़ेगा और उपज कम होगी। स्कन्दपुराण और भविष्यपुराण में उल्लेख हैं कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को रेणुका के गर्भ से भगवान विष्णु ने परशुराम रुप में जन्म लिया। इस तिथि पर ईख के रस से बने पदार्थ, दही, चावल दूध से बने व्यंजन, फल, का भोग लगाकर दान करने का विधान शास्त्रों में बतलाया गया हैं।

एक नजर

पुलिस को देख शराब लदी बाइक छोड़ भागा तस्कर

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर प्रतापसागर पेट्रोल पंप के पास एक शराब तस्कर पुलिस की गश्ती टीम को देख शराब लदी अपनी अपाचे बाइक छोड़ फरार हो गया। उक्त बाइक से पुलिस ने 82 लीटर शराब बरामद किए है। बाइक बिना नंबर की है, जिसे जप्त कर पुलिस उसके इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर उसके मालिक की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी पुलिस एनएच 922 पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्रतापसागर पेट्रोल पंप से कुछ आगे एक बाइक चालक पुलिस की जीप देख अपनी बाइक खड़ी कर फरार हो गया। बाइक पर बंधे बैग को देख पुलिस को शक हुआ। पुलिस टीम जब बाइक के पास पहुंच बैग की तलाशी ली तो उसमें शराब की बोतले थी। इसके बाद पुलिस ने उक्त बाइक को जप्त कर लिया। बाइक बिना नंबर की थी, जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि वह चोरी की भी हो सकती है। बहरहाल पुलिस कई बिंदुओं पर इसकी जांच कर रही है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बाइक के चेचिस व इंजन नंबर के आधार पर इसकी जांच की जा रही है कि बाइक किसकी है, वही अज्ञात तस्कर के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तस्कर के पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

बक्सर। बक्सर स्टेशन के ठीक पूरब इटाढ़ी रेलवे गुमटी के पास ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को ट्रैक से उठा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा शव की पहचान कराने में जुट गई। हालांकि, कुछ घण्टों के अंतराल के बाद शव की पहचान हो गई। उक्त मृत कोचस थाने के कंजर गांव का निवासी बताया गया। जहां सूचना के बाद पहुंचे स्वजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव को सौंप दिया गया। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव निवासी रामचंद्र सिंह की पत्नी बीमार रहती है। वह पत्नी का इलाज बक्सर कराता था। इसी सिलसिले में अपने गांव से दवा लेने के लिए बक्सर आया था। गुरुवार की अहले सुबह पहुंचे रामचंद्र इटाढ़ी गुमटी के पूर्वी छोर पर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जहा उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा इस घटना की सूचना जीआरपी को दी गई। जहा शव की पहचान होने पर उसके स्वजनों को सूचना दी गई। स्वजनों ने बताया मृतक कान से कम सुनता था। जीआरपी थाना प्रभारी अरुण पासवान ने कहा कि सूचना मिली थी कि बक्सर स्टेशन के आउटर स्थित पोल संख्या 660 के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस शव को ट्रैक हटवा उसकी पहचान कराने में जुट गई। पहचान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा स्वजन को सौंप दिया गया।

सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया मतदान केंद्रों का भ्रमण

केसठ। मतदान केंद्रों पर विभिन्न सुविधाओं को बहाल करने तथा स्वीप कार्यक्रम में गति लाने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार ने विभिन्न बुथों का भ्रमण किया। इस दौरान मध्य विद्यालय धेनुआडीह में पहुंचकर मतदान केंद्र पर उपलब्ध होने वाले अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्रधानाध्यापक से ली। इस दौरान उन्होंने आगामी एक जून को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों को उपस्कर उपलब्ध कराने को लेकर भी निर्देश दिया। इसके आलावा शौचालय, बिजली, चापाकल व रैंप की व्यवस्था को व्यवस्थित करने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें शामिल होकर मतदाताओं को जागरूक करना है। इसके अलावा अन्य कई बूथों का भी भ्रमण किया।

बाइक और बोलेरो की टक्कर में एक की मौत

बक्सर। चौसा- धनसोई मार्ग पर मुफस्सिल थाना के चुन्नी नहर स्थित मोड़ के पास एक तेज गति बोलेरो ने सामने से आ रही बाइक को ठोक दिया। इस घटना में बाइक सवार एक 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वही बाइक पर सवार 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घटना के बाद बोलेरो चालक बोलेरो को छोड़ भाग गया। इस घटना की जानकारी के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को उठाकर इलाज के लिए चौसा पीएचसी लाया गया। जहा चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दी। वहीं, दूसरे युवक की प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी रेफर किया गया। इस घटना की जानकारी के बाद घर मे कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की रात्रि लगभग 10 बजे की है। जहा नगर पंचायत के कनकनारायन पुर निवासी स्व. रामबचन यादव के पुत्र 47 वर्षीय अंगद यादव अपने ही गांव के युवक तुलसी ठाकुर के 25 वर्षीय पुत्र किशुन ठाकुर को एक बाइक पर सवार हो किसी कार्य से चुन्नी गांव गए थे। कार्य खत्म होने के बाद वे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। तभी चुन्नी स्थित सीवीसी कैनाल के समीप मोड़ पर सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक को ठोक दिया। जिसमें बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन को छोड़ भाग गया। इधर, इस घटना की किसी आते जाते राहगीर ने देखा तो इसकी खबर ग्रामीणों को दी गई। जहा ग्रामीण पहुंच दोनो को इलाज के लिए चौसा पीएचसी लाये, जहा चिकित्सकों ने अंगद यादव को मृत घोषित कर दिया। वही गम्भीर रूप से घायल किशुन को वाराणसी रेफर कर दिया। इस घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

नामांकन व धार्मिक आयोजन को ले शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक

- मुंडन संस्कार व नाथ बाबा मंदिर में आयोजित यज्ञ, परशुराम जयंति को लेकर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़
- प्रशासन ने जारी किए रूट चार्ट के लिए गाइड लाइन, 11 से 3 शहर में नहीं चलेंगे चार पहिया वाहन

केटी न्यूज/बक्सर

अगर आप शुक्रवार को चार पहिया वाहन से दोपहर में जिला मुख्यालय आना चाहते है तो यह संदेश पढ़ ले अन्यथा आप को परेशानी झेलनी पड़ेगी। या तो आपकी समय व्यर्थ हो जाएगा या जिस कार्य के उद्देश्य से चले है वह अन्य संसाधनों से मुकाम तक पहुचना पड़ेगा। क्योंकि कल जिला मुख्यालय में भीड़ बढ़ने से विधि-व्यवस्था बनाने हेतु प्रशासन द्वारा चार पहिया वाहनों के लिए जिले में प्रवेश करने से पहले नो-इंट्री लगाई जाएगी। बता दे कि 10 मई को अक्षय तृतिया व मुंडन संस्कार को लेकर सुबह से गंगा में स्नान होगा वही, शुक्रवार को परशुराम जयंती भी है। वही, नाथ बाबा घाट पर आयोजित यज्ञ व स्नान है साथ ही, लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन भी चल रहा है। जिसमें पहले से ही दो मुख्यतः पार्टी महागठबंधन के राजद उम्मीदवार व एनडीए की ओर से भाजपा के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किये जाने की घोषणा की गई है। जहां महागठबंधन के मुख्य नेता के भी आने की घोषणा है। ऐसे में जहा मुंडन संस्कार व अक्षय तृतिया की गंगा स्नान को भारी भीड़ होगी। वही राजद के कार्यक्रम किला मैदान व भाजपा का कार्यक्रम आईटीआई मैदान में किये जाने से शहर में और भीड़ बढ़ जाएगी। जिसके विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक शहर में हर प्रकार के चार पहिया वाहन के प्रवेश पर नो-इंट्री लगा दी गई है। इसके लिए अनुमंडल कार्यालय से पत्र जारी किया गया। जिसमे बताया गया है कि मठिया मोड़ से किला मैदान, ज्योति चौक व अम्बेडकर चौक तक किसी प्रकार की चार पहिया, मालवाहक वाहन व यात्री बस की आवाजाही बन्द रहेगी। राजनीतिक पार्टियों की वाहनें आईटीआई मैदान, किला मैदान व सड़क किनारे पार्क की जाएगी।

डीएम ने दिया निर्देश मतगणना कोषांग में लगाये वाटर प्रूफ टेंट

केटी न्यूज/बक्सर

जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में ब्रजगृह कोषांग एवं मतगणना कोषांग के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मानक के अनुसार वज्रगृह एवं मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी नोडल पदाधिकारी, वज्रगृह कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को दिया गया। मौसम के पूवार्नुमान अनुरूप मतगणना स्थल पर वाटर प्रूफ टेंट की व्यवस्था करने के लिए नोडल पदाधिकारी, मतगणना कोषांग को निर्देश दिया गया। साथ ही उप निर्वाचन पदाधिकारी, बक्सर को उसके कार्य का पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि मानक के अनुसार ससमय वज्रगृह एवं मतगणना स्थल पर बांस बल्ले से बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। नोडल पदाधिकारी, वज्रगृह कोषांग को निर्देश दिया गया कि पर्याप्त संख्या में आवश्यकतानुसार विधान सभावार 20-25 टेबल 10 फीट की दूरी पर लगवाना सुनिश्चित करेंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि वज्रगृह एवं मतगणना स्थल पर गुणवत्तापूर्ण टेबल एवं टेंट लगवाने हेतु संवेदक को निर्देश देते हुए अपने स्तर से पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संग्रहण केंद्र पर विधान सभावार काउंटर बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समहर्ता कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) गिरजेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मतदान केन्द्रों पर करना है निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का पालन : एसडीओ

केसठ । प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने लोक सभा चुनाव को ले सेक्टर पदाधिकारियों व बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कमियों को तय समय के अंदर दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान को बढ़ाने के लिए बीएलओ व अन्य कर्मियो द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान बीएलओ व सेक्टर पदाधिकारियों ने बताया की मतदाताओं को मतदान को ले जागरूक करने के लिए गांवों में संध्या चौपाल, रंगोली व जन संपर्क अभियान आदि चला लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान कई बूथों का निरीक्षण भी किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने जीविका सीएलएफ कार्यालय में जीविका सीएम, सीसी व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा की। इस दौरान जागृति महिला संकुलन संघ द्वारा मतदाता जागरूकता गीत गा बैठक की शुरुआत की गई। समीक्षा बैठक में सीसी व सीएम को मतदाता जागरूकता अभियान को ले कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के गाइड लाइन का हर हाल में पालन करना है। साथ ही यह जानने की कोशिश की गई की कोई टोला मुहल्ला ऐसा नहीं है न जहा मतदाताओं को डरा धमकाकर मतदान करने से रोका जाता हो। कम प्रतिशत मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान देने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही गई।

बसपा को बक्सर में मिल रहा है सर्वजन महिलाओं का साथ : अनिल चौधरी

- जीविका समेत अन्य दलों की महिलाएं हुई पार्टी में शामिल

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी ने कहा है कि बसपा को सर्वजन महिलाओं का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को जीविका कार्यालय बक्सर में आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी को अपना समर्थन दिया। इस दौरान दूसरे विभिन्न दलों की महिलाओं ने भी पार्टी का दामन थामा और केंद्र की मोदी सरकार को महिला विरोधी बताया। महिलाओं ने कहा कि बहन मायावती एक महिला हैं और वे महिलाओं के मान-सम्मान और दुःख दर्द को समझ सकती हैं, इसलिए उन्होंने अनिल चौधरी को एक जिम्मेदारी देकर यहां भेजा है। महिलाओं का फर्ज बनता है कि हम उनका समर्थन करें और बहन मायावती को मजबूत करें। वहीं, अनिल चौधरी ने महिलाओं के सवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री के मुंह से बेटी बचाओ के नारे अच्छे नहीं लगते हैं। बसपा उम्मीदवार ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं पर हमले बढे हैं। उनके मान सम्मान को अच्छे दिन के नाम पर रौंदा गया है। यही हाल बिहार में भी है। यहां सरकार में रहने वाले लोग ने जीविका दीदी हो या आंगनबाड़ी की महिलाएं, सबों पर लाठी बरसाई। गरीब और दलित बहू-बेटियों की आबरू लुटी गयी। इसलिए हम बक्सर की महिलाओं से अपील करते हैं कि आप इस बार लोकसभा चुनाव में इस महिला विरोधी लोगों के खिलाफ एक जुट होकर अपना एक मत अपने सम्मान के लिए हाथी छाप पर देने का संकल्प ले और इस संदेश को पुरे लोक सभा तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सत्ता में दुशासन भरे पड़े हैं। उनसे खुद को ही बचाना होगा, खुद ही कृष्ण की भूमिका निभानी होगी। इससे पहले मिलन समारोह में भाजपा महिला विंग की पूर्व नगर अध्यक्ष हनी जयसवाल, भाजपा कार्यकर्ता रुबी श्रीवास्तव, राजद कार्यकर्ता रीना खरवार समेत सैकड़ों जीविका दीदीयां एवं आजीविका समूह की महिलाओं के साथ ही आरजेजेपी के जिला अध्यक्ष रमेश पांडेय, रोहित प्रधान, अमित कुमार, गणेश पाण्डेय, युवा नेता मुकेश राय, अकालु पांडेय भी बसपा में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह एवं संचालन संगीता कुमारी ने किया। जबकि संयोजन गुप्तेश्वर पटेल ने किया।

यहां ऑपरेटर की मर्जी से होती है विद्युत सप्लाई, उपभोक्ताओं की नहीं सुनते अधिकारी

- बिजली कटने की सही जानकारी तक नहीं दे पाते है कर्मी

केटी न्यूज/सिमरी

हाईटेक हो चुकी इस दुनिया में जहां एक तरफ लोगों की पूरी दिनचर्या बिजली पर निर्भर हो चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी में लोगों को बिजली से महरूम कर विभाग चैन की नींद सो रहा है। पूछने पर ग्रिड के कर्मचारी फॉल्ट होने की बात कह फोन काट देते हैं। लेकिन बिना आंधी पानी के यह कैसा फॉल्ट है यह बताने वाला कोई नहीं है।

24 घंटे में महज 10 घंटे ही मिल रही बिजली : आग बरसाती इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग की मेहरबानियों के कारण सिमरी पीएसएस के नए फीडर के उपभोक्ताओं को 24 में से महज 10 घंटे बिजली मिल पा रही है। ऊपर से फोन करने पर ग्रिड से लेकर जेई तक कोई भी अधिकारी फोन रिसीव नहीं करता है। जिसको लेकर अब लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है।

ऑपरेटर की मर्जी से संचालित होता है पीएसएसः इस संबंध में पूछे जाने पर कामेश्वर लाल, केदार पांडे, शिवजी राय आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि सिमरी पीएसएस के नया फीडर के उपभोक्ताओं को विभाग इंसान समझता ही नहीं है। जब मर्जी हो ऑपरेटर घंटों विद्युत सप्लाई बंद कर देता है। पिछले दो दिनों से लगातार रात-रात भर विद्युत सप्लाई बंद कर उपभोक्ताओं को सताना इनकी नियति बन चुकी है। पूछने पर वही रटा रटाया जवाब मिलता है कि फॉल्ट हो गया है।

डीएवी स्कूल की 100 लड़कियों के बीच सेनेटरी पैड का निःशुल्क किया गया वितरण

उड़ान दीदी फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस से पूर्व बांटा सैनेटरी पैड

- मासिक धर्म के दौरान एक महिला या लड़की सिर्फ सेनेटरी पैड का उपयोग करके और स्वच्छता बनाए रखकर कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकती है

केटी न्यूज/बक्सर

28 मई 2024 को विश्व 10वां अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है । इस अवसर पर जागरूकता को लेकर 28 मई से पूर्व आज उड़ान दीदी फाउंडेशन की संस्थापक व उड़ान दीदी प्रीति वर्मा ने बक्सर के लालगंज, इटाढ़ी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्कूल जाने वाली किशोरियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शामिल सदस्य थे गोलू कुमार, रिंकू देवी, अंशु यादव, आनंद और योगेश। इस प्रोग्राम में मासिक धर्म से जुड़ी सभी भ्रांतियों और शंकाओं को दूर किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में आई 100 लड़कियों के बीच सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। मीडिया से बात करते हुए प्रीति वर्मा ने कहा कि आजकल मासिक धर्म के दौरान एक महिला या लड़की सिर्फ सेनेटरी पैड का उपयोग करके और स्वच्छता बनाए रखकर कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकती है। हमारे समाज में अभी भी मासिक धर्म को लेकर बहुत सारी पुरानी रूढ़ियां और मिथक हैं जो वैज्ञानिक रूप से सत्य नहीं हैं। उड़ान दीदी फाउंडेशन बक्सर में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन है। सशक्तिकरण, समानता और करुणा के सिद्धांतों पर स्थापित हमारा संगठन महिलाओं और बच्चों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने और अपने समुदायों में बदलाव के एजेंट बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करता है। अभिनव कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से, हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आर्थिक अवसरों और वकालत की पहलों तक पहुंच प्रदान करते हैं, जिसका उद्देश्य बाधाओं को तोड़ना और अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज बनाना है। पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, उड़ान दीदी फाउंडेशन एक ऐसी दुनिया बनाने का प्रयास करता है जहां हर महिला और बच्चा फल-फूल सके और दुनिया में सकारात्मक योगदान दे सके। इसके लिए सभी को आगे बढ़ना होगा। तभी यह अभियान सफल हो पाएगा। वहीं हम डीएवी के प्रिंसिपल सर वी आनंद कुमार और छात्र समन्वयक रीना मैम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिन्होंने अपने स्कूल परिसर में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम लागू करने में उड़ान दीदी फाउंडेशन का समर्थन किया।

बिहार राज्य के ग्रीन एंबेसडर बनाए गए डुमरांव के उमेश गुप्ता

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव के पर्यावरण प्रेमी उमेश गुप्ता रौनियार को बिहार का ग्रीन एंबेसडर बनाया गया है। उन्हें यह खिताब निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन ने उनके प्रकृति तथा पर्यावरण संरक्षण तथा इसके प्रति लोगों को जागरूकर करने के लिए दिया है। वे वर्षों से अपने छत पर बागवानी कर कई तरह के पौधे उगाते है तथा लोगों के बीच इसका वितरण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकर भी करते आ रहे है। उनके ऐसे प्रयासों से प्रभावित होकर ही निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन ने उन्हें बिहार का ग्रीन एंबेसडर बनाया है। बता दें कि पर्यावरण मैन तरु मित्र उमेश गुप्ता ने दिन की शुरूआत प्रकृतिक मां की सेवा के साथ अभियान को लेकर प्रतिदिन कम से कम घंटे दो घंटे का समय पर्यावरण संरक्षण के लिए देते हैं। इसके अलावे वे अपने छत के बागवानी में बहुत सारे पौध तैयार भी करते हैं और लोगों के बीच वितरण भी करते हैं साथ ही पर्यावरण के बढ़ावा देने के लिए उन्हें जागृत भी करते हैं।

कराकाट से पवन सिंह ने किया नामांकन, एक झलक पाने को उमड़ी भीड़

◆ काराकाट में लगा भोजपुरी के सितारों का जमघट, सभी ने की पवन सिंह के लिए वोट की अपील

◆ पवन सिंह बोले- जात-पात से ऊपर उठकर वोट करें

केटी न्यूज/काराकाट

काराकाट लोकसभा सबसे हॉट सीट बन गई है। जहां भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने गुरुवार को अपना नॉमिनेशन कर दिया। इसके बाद वह अपने समर्थकों के साथ प्रेम नगर हाई स्कूल स्थित सभा स्थल पर पहुंचे। जहां पवन सिंह के लिए दो-दो स्टेज बनाए गए थे वही सभा स्थल पर कड़ी धूप में भी उनके फैंस काफी देर तक इंतजार करते देखे गए। वहीं पवन सिंह के पहुंचते ही पावर स्टार पवन सिंह को देखने के लिए भीड़ इस तरह उत्साहित हुई कि आसपास लगे बैरिकेडिंग को भी तोड़ दिया। किसी तरह बाउंसर की मदद से पवन सिंह स्टेज पर पहुंचे। जहां पहले से ही भोजपुरी के दर्जन भर कलाकार उनके स्वागत में खड़े थे। आनंद मोहन, वर्षा तिवारी, गोलू राजा ,अरविंद कुमार उर्फ कल्लू , शिल्पी राज, विजय चौहान अंकुश राजा शिवानी सिंह, सर्वजीत सिंह, नील कमल सहित दर्जन घर से ज्यादा भोजपुरी के चर्चित गायक पवन सिंह की अगवानी में खड़े रहे और भोजपुरी गीतों से समा बांधा तथा पवन सिंह के लिए वोट करने की अपील की। पवन सिंह ने कहा कि काराकाट आज देश दुनिया की निगाह पर है। देश मे विकास हुआ पर काराकट अछूता रहा। वहीं उन्होंने बिना किसी का नाम लेते हुए कहा कि यहां के कुछ उम्मीदवार वोट के लिए लोगों को मुर्गा भात खिला रहे हैं तो जान लें जनता किसी के बहकावे में नही आने वाली।

उन्होंने कहा कि जात पात पर आखिर कब तक ये लोग हमें लड़ाते रहेंगे। जात पात से ऊपर उठिए और पवन को जिताइए। वही सभा के उपरांत पावर स्टार पवन सिंह ने लोगों से आशीर्वाद मांगा और वोट देने की अपील की। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी ज्योति सिंह व मां प्रतिमा सिंह भी साथ थी। जिन्होने अपने बेटे पवन के लिए वोट मांगा। हमारे विरोधियों के द्वारा अक्सर कहा जा रहा कि 18 से 25 साल वाले पवन के साथ हैं यह रोड साईड लफंटर है सिर्फ सेल्फी लेने के लिए फोटो खिंचवाने के लिए भीड़ जमा हो रही है तो हम उन लोगो को इतना ही कहना चाहते हैं कि 18 से 25 साल वाले ये युवा आपके लिए लफंटर हो सकते है। पर मेरे लिए यह शक्ति है।

खबरें फटाफट

गोडारी पीएसएस से आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

काराकाट। गोडारी पीएसएस से आपूर्ति होने वाली बिजली आज बंद रहेगा । सहायक विद्युत अभियंता राजू कुमार ने बताया कि 10 मई को 11 बजे से लेकर 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगा । एसडीओ ने बताया कि 33 केवी का मेंटेनेस कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति बंद रहेगा । जिसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को जाने वाली बिजली बंद रहेगी ।

मनरेगा भवन का ताला तोड़ा लाखों की चोरी

काराकाट। काराकाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत में स्थित मनरेगा भवन में अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर लाखों के समान की चोरी कर ली गई। किरही पंचायत मुखिया धर्मेंद्र साह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। चोरी गए सामानों में दो वेल्डिंग मशीन, एक कटर मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक स्टेप्लाइजर, ग्राम कचहरी से एक लैपटॉप, एक कलर प्रिंटर, कागजात, समेत अन्य सामान शामिल है।

जहानाबाद में आयोजित आशीर्वाद समारोह में लालू परिवार पर बरसे डिप्टी सीएम

लालू राज अपहरण, रंगदारी, गुंडागर्दी के लिए जाना जाता था: सम्राट चौधरी

◆ जहानाबाद से एनडीए के उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने किया नामांकन

◆ चिराग पासवान बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है

केटी न्यूज/जहानाबाद

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के नामांकन के पश्चात स्थानीय गांधी मैदान में आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय देव एवं मंच संचालन जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि तेजस्वी क्रिकेटर नहीं थे बल्कि जो खिलाड़ी थे उसके लिए मैदान में पानी लेकर जाते थे। प्लेयर को पानी पिलाते थे। वहीं लालू की बेटी और सारण की राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य पर भी सम्राट चौधरी ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू ने टूरिस्ट प्रत्याशी को सारण में उतार दिया है जिसे वहां की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि लालू राज अपहरण, बलात्कार, गुंडाराज, रंगदारी के लिए जाना जाता था वही केंद्र एवं बिहार की सरकार अमन चैन, विकास, रोजगार आदि के लिए जाना जाता है। जिस तरह अयोध्या में राम मंदिर बना है उसी तरह बिहार में माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा।

लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। राज्य में नीतीश कुमार बिहार का विकास किया है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में 2005 के पहले और 2024 के बाद का बिहार का तुलना कर लीजिए। देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हर चहुओर विकास किए है।आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही देन है। जम्मू से लेकर कन्या कुमारी तक देश का विकास हुआ है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभा संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी व विकास पुरुष नीतीश कुमार के हाथों में ही देश और सुरक्षित है। आज बिहार में रोजगार से लेकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास हो रहा है आज नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की ही देन है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है। आज शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत करने का काम करेंगे। देश को सुरक्षित रखना है और भारत को विश्व गुरु बनाना है तो नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि पति पत्नी ने बिहार को अंधकार में धकेल दिया था। जब एनडीए की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को अंधकार से उजाला की ओर ले गए। इस कार्यक्रम में मंत्री विजय चौधरी,सुमित कुमार,श्रवण कुमार, प्रेम कुमार,राज्यसभा सांसद संजय झा,भीम सिंह चंद्रवंशी व अन्य शामिल हुए।

एक नजर

महाराणा प्रताप ने अकबर के घमंड को किया था चूर: डॉ. मनीष रंजन

बिक्रमगंज। स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में गुरुवार को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर सभी महाविद्यालय कर्मियों ने भी उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया। उक्त मौके छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी हुआ। वही प्राचार्य ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से महाराणा के बताये मार्ग पर चलने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि सह भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने कहा कि आज सभी को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होने की जरूरत है। जो पीढ़ी अपने पूर्वजों को याद नहीं करती वह अपने अस्तित्व की रक्षा नहीं कर सकती। साथ ही आज के युवाओं को महाराणा की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। देश के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर सजग रहने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रोफेसर-वीर बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, विजय सिंह, ज्ञान प्रकाश सिन्हा,बलवंत सिंह,रमेश कुमार,अनिल सिंह, अजय सिंह व सरोज सिंह,अभय कुमार सिंह,प्रितम कुमार, नरेंद्र सिंह, बिहारी सिंह,आलोक पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

हाथ में मिट्टी का चूल्हा और गले में सब्जी की माला डाल उम्मीदवार ने कराया नामांकन

जहानाबाद। अबकी बार महंगाई पर वार... इन्हीं नारे के साथ जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से भारतीय सार्थक पार्टी के उम्मीदवार सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक सह अधिवक्ता राज किशोर शर्मा ने अनोखे अंदाज में अपना नामांकन किया। अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल करने पहुंचे प्रत्याशी ने केंद्र सरकार की उजवाला योजना सहित बढ़ती महंगाई पर कटाक्ष करते हुए मिट्टी का चूल्हा और गले में सब्जी की माला डाल कर समाहरणालय पहुंचे। जहां उनके समर्थकों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ लोगों से अपने उम्मीदवार को वोट देने की अपील की। इस अनोखे तरीके से नामांकन करने आए प्रत्याशी ने बताया की महंगाई के कारण गरीबों की थाली से सब्जी दूर हो गई है वहीं उज्जवला योजना से मिले गैस सिलेंडर की कीमत भी आसमान छूने लगी है। उन्होंने कहा की केंद्र द्वारा दिया जाने वाला मुफ्त राशन भी गरीबों के लिए मजाक बन कर रह गया है। उन्होंने कहा की अगर वो चुनाव जीतते हैं तो संसदीय क्षेत्र के विकास के साथ साथ महंगाई कम कराने का भी प्रयास करेंगे।

बर्थडे पार्टी से लौट रहे लाइब्रेरियन की सड़क हादसे में मौत

◆ आरा सासाराम स्टेट हाइवे पर हुआ हादसा

◆ हसन बाजार ओपी क्षेत्र के तेतरडीह मोड़ के समीप बुधवार की देर रात की घटना

◆ अज्ञात वाहन ने बाइक से घर लौट रहे लाइब्रेरियन को रौंदा, मौके पर ही चली गयी जान

केटी न्यूज/आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर हसन बाजार ओपी क्षेत्र के तेतरडीह मोड़ के समीप बुधवार की रात सड़क हादसे में एक लाइब्रेरियन की मौत हो गई। दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे बाइक सवार लाइब्रेरियन को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद रौंद दिया। उसमें घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक हसन बाजार निवासी नथुनी प्रसाद सोनी के 40 वर्षीय पुत्र राज थे। वह हसन बाजार स्थित हाई स्कूल में लाइब्रेरियन थे। वह माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े थे और पीरो प्रखंड से संघ के जिला पार्षद भी निर्वाचित हुए थे।

परिजनों ने बताया कि वह बुधवार की रात गांव में अपने एक दोस्त के घर बर्थडे पार्टी में गए थे। बुधवार की देर रात बाइक से वापस बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे थे। उसी दौरान तेतरडीह मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर, हादसे की सूचना मिलने पर हसन बाजार ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। हादसे के बाद लाइब्रेरियन के घर में भी कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि लाइब्रेरियन राज अपने तीन भाई और दो बहनों में बड़े थे। मांझिल भाई उमेश एयरफोर्स में हैं। छोटे भाई की पूर्व ही हार्ट अटैक के कारण मौत हो चुकी है। उनके परिवार में पत्नी आकांक्षा देवी, पांच वर्षीय पुत्र किशु और तीन साल का पुत्र बिशु है। हादसे के बाद पत्नी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया है। शिक्षक संघ की ओर से लाइब्रेरियन को श्रद्धांजलि दी गयी। परिजनों से मिलकर सांत्वना भी दिया गया। मौके पर एम एलसी जीवन कुमार के भाई ज्योति कुमार, शिक्षक संघ के जिला सचिव संतोष सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य आंनद, पांडेय भीम राय, प्रेम चंद्र प्रताप, विनय कुमार, अजीज कुमार, राकेश चौधरी, नवीन निश्चल, ईश्वर चंद, श्रीकांत पांडेय, शिवनारायण पाल, विकास चंद्र, अजय मिश्रा और कुमार मंगलम और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



बिक्रमगंज में दो हाइवा की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों

बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना गांव के फर्स्ट चॉयस के समीप हादसा

केटी न्यूज/बिक्रमगंज

एनएच 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना गांव के फर्स्ट चॉयस के समीप यात्री शेड के पास गुरुवार की बालू लदे हाइवा एवं खाली हाइवा के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। साथ हीं साथ सड़क के किनारे बने यात्री शेड भी पूरी तरह से धाराशाई हो गया। एन एच 120 पर चलने वाली गाड़ी के स्पीड का कोई लिमिट नहीं है कानून और प्रशासन का भय वाहन चालकों के मन से निकल चुका है।

जानकारी के मुताबिक एवं आम लोगों से पूछताछ के दौरान लोगों ने बताया कि प्रशासन से मिली भगत से बिना चालान के बालू की गाड़ी इतनी तेज चलती है कि नित्य दिन एसिडेंट होते रहते हैं। ओभर लोडेड बिना चालान के गाड़ी धड़ल्ले से रोड पर दौड़ती है। जिसके चलते कितनी का जान चली गई और कितनी की जान जाएगी। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि घटित घटना के क्रम में हाइवा चालक मृतक शिव कुमार एवं मोहम्मद शमीम सह-चालक गोरखपुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया जाता है। साथ ही साथ दूसरे ट्रक के चालक एवं सह-चालक बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है।

गया जिले में वज्रपात से एक महिला की मौत

गया। गया जिले में गुरुवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, 48 घंटे में तीन की मौत और 10 लोग घायल हुए थे। यह पूरा मामला फतेहपुर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई है। साथ ही वज्रपात के चपेट में आने से एक बच्ची भी मामूली रूप से घायल हो गई। बेमौसम बरसात ने बीते 48 घंटे में अब तक दो महिला समेत तीन लोगों की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई है। यह पूरा घटना घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर रक्सी गांव में हुई है। वहीं मृतक महिला की पहचान जमुनी देवी के रूप में की गई। हालांकि, ग्रामीणों ने बताया कि महिला किसी काम से घर के बाहर करीब 12 बजे दोपहर को निकली थी। तभी वज्रपात के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही एक आठ वर्षीय बच्ची भी मामूली रूप से झुलस गई। मालूम हो कि मंगलवार को वज्रपात ने कहर बरपाया था। उक्त घटना में दो लोगों की मौत हुई थी, जिसमें एक महिला और एक पुरुष शामिल थे।

A Truly English Medium School
ST. JOHN SECONDARY SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi ,+2 Level
2024-25 ADMISSION & Registration ARE OPEN ▸▸▸▸
Education Is The Most Powerful Weapon Which you Can Use to Change The World
HURRY UP!
YOUR CHILD DESERVE THE BEST EDUCATION
Contact No. 7909000372 , 9472394007
Kali nagar dumraon
According to new education policy
website : www.Stjohnsecondaryschol.com
Email ID : st.jonsecondary@gmail.com

मीडिया के सवाल से तमतमाए विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने विवादित बयान

जनसंख्या अगर घट रही है, तो मोदी को कहिए बढ़ाने के लिए

केटी न्यूज/पटना

बिहार महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी गुरुवार को हिंदुओं की आबादी कम होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर भड़क गए और विवादास्पद टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसंख्या बढ़ानी चाहिए. पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में सहनी ने कहा कि जनसंख्या अगर घट रही है, तो मोदी को कहिए बढ़ाने के लिए, हम उसमें क्या कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि हम हम दो, हमारे दो को मानते हैं, जिसे जनसंख्या बढ़ानी है, उनको किसी ने रोका नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट में दूसरी शादी नहीं हो सकती है जब तक डाइवर्स नहीं होगा। आबादी बढ़ाना है तो यह भारत सरकार और प्रधानमंत्री तय करे कि क्या करना है। इसमें विपक्ष से क्यों सवाल किया जा रहा है? इस पर जनता के बीच में क्यों बात कर रहे हैं? मुकेश सहनी ने कहा कि हिंदुओं की जनसंख्या कम होने के विषय पर उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय नहीं है। मेरा मानना है कि परिवार जितना छोटा होगा, उतना सुखी होगा और जितना बड़ा होगा, उतनी परेशानी होगी। सहनी ने कहा कि केवल बच्चों को पैदा कर छोड़ देना ठीक नहीं है, उनकी देखभाल जरूरी है। जितना बड़ा परिवार होगा उतनी परेशानी होगी। महंगाई है. उनके लिए हर चीज का व्यवस्था देना है। हमारे बच्चे से बहुत लगाव होता है, प्यार होता है, स्नेह होता है। हम चाहेंगे कि हमारे बच्चे हमसे भी ऊंचा स्थान पर जाए। उसके लिए क्या करना पड़ेगा।

वहीं आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा कि जब देश में जनगणना हुई ही नहीं है, तो आखिर ये आंकड़े कहां से सामने आए। उन्होंने कहा कि कौन इस रिपोर्ट पर यकीन करेगा। मनोज झा ने आरोप लगाया कि मंडल आयोग से ध्यान हटाने के लिए इस तरह की बातें कहीं जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक शैक्षणिक आधार पर आरक्षण है। मंडल आयोग में 3745 जातियां पिछड़ी जाति है। गैर-हिंदू के बीच शैक्षणिक पिछड़ापन हिंदुओं की ही तरह है। उन्होंने कहा कि पीएम चुनाव को मुद्दों पर लड़ने में हार रहे हैं, तो ऐसी बात कर रहे हैं। चुनाव हार रहे हैं, इसलिए गलतबयानी कर रहे हैं। काफी झूठ बोल रहे हैं। पीएम मंडल आयोग की रिपोर्ट को पढ़ें।

खबरें फटाफट

भाजपा व सपा के प्रत्याशी आज कर सकते हैं नामांकन

चंदौली। सातवें चरण के लोकसभा चुनाव का नामांकन का कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी कार्यालय बनाए गए नामांकन कच्छ में जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र कोई भी सौंप सकता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के डॉक्टर महेंद्र पांडे और सपा के वीरेंद्र सिंह नामांकन दाखिल करेंगे इसके अलावा अन्य प्रत्याशी भी शामिल है। यही नही केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ महेंद्र नाथ पांडेय के नामांकन में भाजपा के प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है। वही भाजपा कार्यालय के समय भव्य मंच बनाया जा रहा है जहां पर सभा और नामांकन के लिए रवाना करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री जितेंद्र पांडेय ने बताया कि डॉ महेंद्र पांडेय के नामांकन में सुबह दस बजे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौधरी, कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर, युवा कल्याण मंत्री व कलेक्टर हेड गिरीश चंद्र यादव के अलावा नोएडा के विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह शामिल होंगे। वहीं सपा वह कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह शुक्रवार को दोपहर में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

बाल पुरस्कार - 2025 के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर करें नाम दर्ज

गाजीपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक जनपद से कम से कम तीन योग्य अभ्यर्थियों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार - 2025 के लिए 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन पोर्टल पर नामित किए जाने की अपेक्षा की गई है। निदेशालय महिला कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार - 2025 से सम्बन्धित अभ्यर्थी सम्बन्धित वेबसाइट एक अप्रैल 2024 से लाइव कर दिया गया है। जिस पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले किशोर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में पूर्व महिला प्रधान ने खाया जहर, हालत गंभीर, रेफर

रसड़ा (बलिया)। रसड़ा ग्रामसभा छितौनी की निवासिनी व छितौनी के पूर्व ग्राम प्रधान गीता देवी पत्नी मिथिलेश राजभर उर्फ बब्लू ने गुरूवार की सुबह लगभग आठ बजे जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लोगों ने बताया कि गीता की जहर खाने की जानकारी होने पर परिजन उन्हें रसड़ा अस्पताल ले आया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

टैंक साफ करने उतरे तीन मजदूर और भवन स्वामी के पुत्र की मौत

केटी न्यूज/ चंदौली

पीडीडीयू नगर, नगर पालिका क्षेत्र के न्यू महाल में बुधवार की रात सेप्टिक टैंक में उतरे चार लोगों की जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई। खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी ने परिजनों को आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

न्यू महाल निवासी भरत जायसवाल के घर बुधवार की रात सेप्टिक टैंक की सफाई की जानी थी। इसके लिए काली महाल से तीन सफाई कर्मियों को बुलाया गया था। रात लगभग 11:30 बजे सफाई का कार्य शुरू किया गया। लगभग आधा टैंक साफ हो चुका था, तभी एक सफाई कर्मी टैंक में गश खाकर गिर गया। इसे देखते ही साथी सफाई कर्मी उसे बचाने नीचे उतरा लेकिन जहरीली गैस की चपेट में आने से वह भी बेहोश होकर गिर पड़ा। विनोद रावत और कुंदन नामक सफाई कर्मियों के टैंक में गिरने से घबराए तीसरे सफाई कर्मी लोहा ने भी उसे बचाने की कोशिश में टैंक में उतारने का प्रयास किया लेकिन उसका भी वही हश्र हुआ। यह देख भवन स्वामी भरत ने टैंक में उतरे सफाई कर्मियों की मदद करने की कोशिश की। परिजनों ने उसकी बीमारी को देखते हुए उसे ऐसा करने से मना कर दिया। तब भारत के पुत्र अंकुर जायसवाल ने कमर में चादर बांधकर टैंक में उतारने का फैसला लिया। उसने इस तरह का प्रयास भी किया लेकिन चादर की गांठ खुल जाने की वजह से वह भी टैंक में गिर पड़ा। देखते ही देखते चारों काल के गाल में समा गए। सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। सफाई कर्मियों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह चारों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चारों को डॉक्टर ने मित्र घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि गली में घर दूर होने के कारण सेप्टिक टैंक साफ करने वाली मशीन वहां तक नहीं पहुंच सकी थी जिसके कारण सफाई कर्मियों से सफाई करने का निर्णय लिया गया था। सूचना मिलते ही सुबह लगभग 8:00 बजे उप जिलाधिकारी विराट पांडे मौके पर पहुंचे और परिजनों को आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

लोकसभा चुनावः 10 प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों ने लिये नामांकन फॉर्म

पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

◆ 11 और 12 मई को लोक अवकाश होने के कारण नहीं होगा नामांकन

केटी न्यूज/ बलिया

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 71-सलेमपुर और 72- बलिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र लेने और दाखिल करने का कार्य बृहस्पतिवार को पुलिस की देखरेख में शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हुआ। बलिया संसदीय क्षेत्र के लिए 05 और सलेमपुर के 05 निदलीय, राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों ने नामांकन पत्र लिया। बलिया लोकसभा क्षेत्र से तीन और सलेमपुर से दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बलिया लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पाटी से लल्लन सिंह यादव, राष्ट्रीय समाज दल(आर) से ओमप्रकाश पांडेय एवं गोंडवाना गणतंत्र पाटी से रामनिवास गोंड ने रिटर्निंग ऑफिसर रवींद्र कुमार और सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पाटी के भीम राजभर व अखिल भारतीय सर्वजनहित पाटी से नारायण मिश्र ने रिटर्निंग ऑफिसर ओजस्वी राज के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर व बाहर सुरक्षा व्यवस्था व बैरीकेडिंग के कड़े प्रबन्ध किये गए थे। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं, जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। पूरे दिन बैरिकेडिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। पर्चा लेने और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई 2024 है।11 और 12 मई 2024 को शासकीय लोक अवकाश होने के कारण इस दिन नामांकन पत्र लेने व नाम दाखिल करने का कार्य संपादित नहीं होगा। नाम निर्देशनों की जांच 15 मई तक पूर्ण की जाएगी। प्रत्याशी अपने नाम की वापसी 17 मई को कर सकते हैं।

10 मई को बीजेपी प्रत्याशी नीरज शेखर करेंगे नामांकन

बलिया। लोकसभा क्षेत्र-72 बलिया के भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर का नामांकन एवं जनसभा 10 मई को रामलीला मैदान में सुबह नौ बजे से होना सुनिश्चित है। नीरज शेखर की नामांकन यात्रा की शुरुआत उनके पैतृक निवास इब्राहिम पट्टी से सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी जो विभिन्न स्थानों से होते हुए रामलीला मैदान आयोजित जनसभा में नौ बजे रुकेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक उपस्थित रहेंगे।

नामांकन में शामिल होंगे दिग्गज, सीएम पुष्कर धामी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सहित कई मंत्री रहेंगे मौजूद

गाजीपुर। 75 -लोकसभा गाजीपुर के भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय का नामांकन शुक्रवार को पूर्वाह्न 11बजे होगा। नामांकन अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित सरकार के कई मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। जिसमें गिरीशचंद्र यादव, रविन्द्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र दयालु इस बात की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पाटी प्रत्याशी पारसनाथ राय का नामांकन जुलूस पूर्वाह्न 10 बजे, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के मैदान से सैनिक चौराहा भुतहियाटाड़, वंशी बाजार के रास्ते लंका मैदान पहुंचेगा जहां से पाटी प्रत्याशी नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अन्य मंत्री सम्बोधित करेंगे। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने लंका मैदान मे आयोजित होने वाले जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर रासबिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, नीतीश दूबे, अभिनव सिंह छोटू, अविनाश सिंह, आदित्य सिंह, दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

नामांकन के तीसरे दिन चार उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदे

गाजीपुर। 75-गाजीपुर संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए तीसरे दिन नामांकन स्थल से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट से 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। जिसमें गंगा प्रसाद सरदार पटेल सिद्धान्त पाटी एक सेट, महातिम पांडेय भारतीय जवान किसान पाटी 01 सेट, राजेन्द्र कुमार गाधी जन संचार पाटी 01 सेट, आदित्य श्रीवास्तव युग तुलसी पाटी 01 सेट नामंकन पत्र लिया गया। इसके क्रम जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आयर्का अखौरी के सम्मुख प्रत्याशी जनता राज पाटी के कुबेर राम पुत्र रामपति ग्राम जयरामपुर पो0 तिलसड़ा त0 सदर गाजीपुर जनता राज पाटी द्वारा 01 सेट मे एवं निदलीय प्रत्याशी भारतीय लोकवाणी पाटी धनंजय कुमार तिवारी पुत्र कृष्णानन्द तिवारी ग्राम डुहियां जमानियां गाजीपुर द्वारा 01 सेट नामांकन पत्र भरकर दाखिल किया गया।

प्रेम प्रसंग के शक में हुई थी पुजारी की हत्या

चंदौली। सदर कोतवाली पुलिस ने पुजारी हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो प्रेम-प्रसंग के चलते यह हत्या हुई है, फिलहाल पुलिस अभियुक्त को जेल भेजने के साथ ही विधिक कार्रवाई में जुट गई है। विदित है कि मंगलवार की देर शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के मदधुपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक पुजारी का शव कुसी पर पड़ा मिला था ।पुजारी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में भी लेकर भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई,वहीं मृतक के भाई ने भी पड़ोसी युवक पर हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी।

मृतक पुजारी रंगनाथ सेठ के भाई ने बताया कि उसका छोटा भाई रंगनाथ सेठ गांव पर रहता था। पैर से विकलांग व बीमार रहने के कारण उसकी शादी नही हुयी थी। इसलिये खाना बनाने एवं घर का कार्य करने के लिये गांव की एक लड़की को करीब 12 वर्ष पहले से रखा गया था ।लड़की के भाई रमाशंकर विश्वकर्मा को मेरे भाई व अपनी बहन पर प्रेम प्रसंग होने का शक होने के कारण मेरे भाई रंगनाथ सेठ से पूर्व में झगड़ा भी किया था ।जिसके बाद सदर कोतवाली पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक एविडेन्स व अन्य साक्ष्य सुबूत के आधार पर आरोपी को कटसिला नहर के समीप से गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने हत्या किए जाने की बात स्वीकार की,साथ ही बताया कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई? पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल रस्सी भी बरामद किया।

इस बाबत सीओ सदर राजेश राय ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर पुजारी हत्याकांड का खुलासा किया है।आशनाई के चलते यह हत्या हुई है? हत्यारोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई प्रचलित है।

समझदार, भागीदारी पार्टी के साथ निर्दल प्रत्याशी ने किया नामांकन

केटी न्यूज/ चंदौली।

चंदौली संसदीय क्षेत्र 76 के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को तीन प्रत्याशियों में नामांकन किया।वहीं चार ने नामांकन पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से प्राप्त किया। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सके। लोकसभा चंदौली संसदीय क्षेत्र 76 से बृहस्पतिवार को तीन प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष में पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र दिया। इसमें निर्दल के रूप में लियाकत अली, समझदार पाटी से राम गोविंद के अलावा भागीदारी पाटी पी से सोमनाथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं दूसरी मनोज कुमार प्रजापति (निर्दल), सिद्धार्थ प्रान बाहु (निर्दल), धर्मेन्द्र कुमार सिंह (निर्दल),कुलकणी देवा (निर्दल) के रूप में नामांकन पत्र लिया। नामांकन कक्ष के आसपास के अलावा बाहर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। यही नहीं नामांकन स्थल का एडिशनल एसपी विनय कुमार ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना चेक किया नामांकन स्थल के अंदर प्रवेश न करने दे जो चुनाव आयोग की गाइडलाइन है उसका पालन अवश्य कराया जाए ताकि नामांकन प्रक्रिया सकुशल संपन्न कराए।

प्रशासन की ओर से गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ चलाया गया अभियान

बिना मान्यता के संचालित हो रहे तीन विद्यालयों पर लगा जुर्माना

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के कई ब्लॉकों में मान्यता विहीन विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। शासन की ओर से गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि अभियान में पकड़े जाने पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र के भरवलिया गांव पहुंचकर जांच शुरू की। जांच में तीन विद्यालयों को गैर-मान्यता प्राप्त संचालित होना पाया गया। वहीं माना जा रहा है कि शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों में कई गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों का कारोबार फल-फूल रहा है। बता दें कि विभागीय नियमों के मुताबिक, बिना मान्यता के न तो कोई स्कूल स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल संचालित करता है, तो उसके विरुद्ध दंड का प्रावधान है। जांच में पकड़े गए बिना मान्यता वाले विद्यालय पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि ऐसा विद्यालय कार्रवाई के बाद भी संचालित होता पकड़ा जाता है, तो प्रतिदिन 10 हजार रुपये की दर से जुर्माना किया जाएगा। अभियान की समय-सीमा समाप्त होने के बाद, खंड शिक्षा अधिकारी को संबंधित बीआरसी क्षेत्र में कोई गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित न होने का प्रमाण-पत्र देना होगा। जांच के दौरान ज़मानियां क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गैर-मान्यता प्राप्त धड़ल्ले के साथ चल रहे विद्यालयों का निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह पटेल द्वारा किया गया। जांच में पाई गई गड़बड़ी को देखते हुए विभागीय स्तर पर कार्रवाई की गई। क्षेत्र के सीएचडी पब्लिक स्कूल भरवलिया, शिव शक्ति पब्लिक स्कूल भरवलिया और नेशनल कान्वेंट स्कूल भरवलिया की जांच की गई, जो तीनों गैर-मान्यता प्राप्त पाए गए। इनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह पटेल ने बताया, शासन के निर्देश और जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में बुधवार को भरवलिया गांव स्थित तीन स्कूलों की जांच की गई।

अभियान चला शेष स्कूलों पर कार्रवाई की तैयारी

जांच के दौरान तीनों स्कूल गैर-मान्यता प्राप्त चल रहे थे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अब तक 3 स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और शेष के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की तैयारी है। इस मामले ने शिक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। विभाग की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों के भविष्य पर असर पड़ रहा है। आशा है कि विभाग की इस कार्रवाई से इन विद्यालयों पर लगाम लगेगी।

स्कार्पियों की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

रसड़ा (बलिया)। रसड़ा-बलिया मार्ग के संवरा पंडितपुरा के समीप गुरूवार को सबेरे स्कापियो की चपेट में आकर वृद्ध नथुनी चौहान (65) निवासी तद्दीपुर थाना गड़वार की मौत हो गई। वह अपने गांव से रसड़ा की तरफ आ रहे थे तभी रसड़ा से बलिया की तरफ जा रही स्कापियो ने उन्हें धक्का मारते हुए निकली गई बेहोशी की हालत में देवस्थली पुलिस चौकी के पुलिस द्वारा घायल नथुनी चौहान को रसड़ा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई में जूट गई।

एक नजर

गाजीपुर: दशकों से चले आ रहे फुल्लनपुर चर्चित भूमि विवाद का हुआ अंत

गाजीपुर। शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र में दशकों से चले आ रहे चर्चित भूमि विवाद को सूझबूझ एवं आपसी समझौते के आधार पर समाप्त करा दिया गया। तहसील एवं राजस्व कर्मचारी धीरेंद्र कुमार सिंह लेखपाल राजदेवपुर देहाती, शिवाजी सिंह लेखपाल गोंडा देहाती, सत्य प्रकाश पूर्व लेखपाल गोंडा देहाती एवं सत्यदेव वर्मा पूर्व लेखपाल गोंडा देहाती ने चार माह के सतत प्रयास से गाजीपुर शहर से लगे गोंडा देहाती के आराजी नंबर 110 ,112 और 111 में दशकों से चल रहे इस भूमि विवाद को समाप्त करा दिया। इस संबंध में बताया कि रेलवे स्टेशन के निकट फूलनपुर रेलवे क्रॉसिंग पर स्थित जमीन पर बाहुबली स्व0 कमलेश सिंह जो मुख्तार अंसारी गिरोह के सक्रिय सदस्य रहे हैं ने कब्जा कर रखा था। इस जमीन के कुछ अंश पर पत्रकार अनिल कुमार उपाध्याय, अवधेश यादव, सुमन सिंह, संजय यादव एडवोकेट, संजय सिंह आदि लोगों ने भी अपना बैनामा करा रखा था। लेकिन बाहुबली स्व0 कमलेश सिंह द्वारा इन लोगों को अपनी जमीन पर कब्जा दखल करने एवं मकान बनाने से रोका जाता रहा। इस संबंध में दीवानी फौजदारी एवं राजस्व न्यायालय में दर्जनों मुकदमें चलते रहे। वहां कई बार गोली चलने एवं हत्या के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इस संबंध में स्व0 कमलेश सिंह को कई बार जेल भी जाना पड़ा था। स्व0 कमलेश सिंह की पांच वर्ष पूर्व मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती उषा सिंह एवं पुत्र कुलदीप सिंह भी मुकदमें की पैरवी करते रहे, लेकिन सक्षम न्यायालय द्वारा भी कोई निस्तारण नहीं हो पाया। कुछ पीड़ितों द्वारा मामला राजस्व न्यायालय में ले जाया गया। जिसको निपटाने की जिम्मेदारी स्थानीय लेखपाल शिवाजी सिंह को मिली। उन्होंने लेखपाल धीरेंद्र सिंह जो एक कर्मठ एवं व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं को अपने साथ लेकर इस विवाद को हल करने की पहल की। अपने लेखपाल के व्यक्तित्व से हटकर सामाजिक व्यक्तित्व एवं जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए धीरेंद्र सिंह ने लेखपाल सत्यपाल एवं शिवजी सिंह के साथ मिलकर दोनों पक्षों को बैठाया और लगातार चार महीने तक बातचीत कर इस असंभव सा दिखने वाले भूमि विवाद को हलकर कर सभी पक्षकारों को अपना-अपना हिस्सा देकर कब्जा दखल करा दिया। सभी पक्षकारों ने खुशी-खुशी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गले लगाया और भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न कर एक दूसरे को सहयोग देने की बात कही। राजस्व कर्मियों द्वारा इस तरह का सौहार्दपूर्ण कार्य करने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है वहीं यह कहा जा रहा है कि यदि सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करें तो बड़ी-बड़ी घटनाएं होने से बचा जा सकता है।

अंडर-19 क्रिकेट का अंतर्जनपदीय ट्रायल मैच 16 मई से, 20 मई तक होगा मुकाबला

गाजीपुर। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि बीते दिनों सम्पन्न हुए ट्रायल परीक्षण के उपरांत गाजीपुर मंडल के अंतर्गत शामिल पांच जनपदों यथा गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़ तथा देवरिया के अंडर- 19 का अंतर्जनपदीय ट्रायल मैच आगामी 16 मई से कराया जाएगा जो कि 20 मई 2024 तक चलेगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार अंडर -19 वर्ग में 16 मई को गाजीपुर बनाम मऊ, 17 मई को बलिया बनाम आजमगढ़, 18 मई को देवरिया बनाम आजमगढ़, 19 मई को देवरिया बनाम गाजीपुर तथा 20 मई को बलिया बनाम मऊ का ट्रायल मैच खेला जायेगा। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अनुमति मिल गयी है। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ० उमेश चन्द्र राय ने बताया कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि इस वर्ष जनपद देवरिया को भी गाजीपुर मंडल में शामिल किया गया है। वर्तमान में अब गाजीपुर मंडल के अंतर्गत गाजीपुर जनपद के अतिरिक्त बलिया, मऊ. आजमगढ़ तथा देवरिया जनपद शामिल हैं। उन्होंने चयनित सभी खिलाड़ियों से कहा कि सभी खिलाडियों के पास अभ्यास के लिया पर्याप्त समय हैं एवं सभी खिलाड़ी अपनी तैयारी पूरी रखें। अंडर -19 का अंतर जनपदीय ट्रायल मैच से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं। उन्होंने सभी जिलों की टीमों को निर्देशित किया कि सभी टीमें नियत तिथि को प्रातः सात बजे मैदान में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभ चुनाव के सफल संपादन हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा जीडीसीए. मैदान का अधिग्रहण कर लिया गया है। अथक प्रयास के परिणाम स्वरूप अंडर -19 वर्ग के कराने की अनुमति मिल सकी है। उन्होंने अंडर- 16 वर्ग के खिलाड़ियों से खेद प्रकट करते हुए कहा कि चूँकि चुनाव लोकतांत्रिक पर्व है। जिसमें किसी भी प्रकार की बाधा नहीं डाली जा सकती है। उन्होंने बताया कि उक्त परिदृश्य में अंडर -16 वर्ग का अंतर जनपदीय ट्रायल मैच से चुनाव समाप्ति के उपरांत ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कराया जाएगा। जिससे की खिलाड़ियों के पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो

लोकतंत्र के महापर्व में शत- प्रतिशत मतदान के लिए वोटर प्रीमियर क्रिकेट लीग आयोजित

गाजीपुर। नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान को लेकर वोटर प्रीमियर क्रिकेट लीग आयोजित किया गया। बृहस्पतिवार को खेले गए दो अलग -अलग प्री- सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डा. अमर कुमार ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेले गए इस दो अलग- अगल प्री-सेमीफाइनल मुकाबले में रेवतीपुर व रामपुर ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल में? प्रवेश कर लिया। बृहस्पतिवार को ग्रुप ए के पहले वोटर प्रीमियर क्रिकेट लीग के प्री-सेमीफाइनल मुकाबले में कालूपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवरों में 35 रनों के स्कोर पर आल आउट हो गई। इसके जबाब में बल्लेबाजी करने उतरी रेवतीपुर की टीम ने मात्र चार ओवरों में 36 रन बनाकर मुकाबला जीत सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी तरह ग्रुप बी के खेले गए प्री-सेमीफाइनल नाक आउट मुकाबले में रामपुर की? टीम में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सात ओवरों में 70 रमों का स्कोर खडा किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवली की? टीम 65 रनों के स्कोर पर आल आउट हो गई। इस तरह रामपुर ने इस मुकाबले को पांच रन से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वोटर प्रीमियर क्रिकेट लीग के पहले मुकाबले में मैन ऑफ द मैच सुजीत राय रहे। जबकि सर्वाधिक 25 रन विक्की पांडेय ने बनाया। इसी तरह दूसरे मुकाबले में मैन ऑफ़द मैच नवनीत राय रहे। जिन्होंने लगातार तीन विकेट लिया। इस दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी डॉ. अमर कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे कि हम भारत को एक मजबूत देश के रूप में देख सकते है। इस अवसर पर सचिव दीपक कुमार सिंह, विनीत कुमार राय, महेंद्र नाथ उपाध्याय, अंजनी राय, अंपायर की भूमिका में रवि राय, धुरंधर यादव उपस्थित रहे। जबकि कंमेंट्री की भूमिका जन्मेजय चौरसिया ने निभाई।

खबरें फटाफट

नामांकन के तीसरे दिन 05 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

मऊ । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 70 घोसी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सातवें चरण में होने वाले मतदान हेतु दिनांक 07 मई से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन दाखिल का कार्यक्रम प्रारंभ है। जिसके अंतर्गत आज नामांकन के तीसरे दिन कुल 05 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जिसमें रामानंद मिश्रा आजाद अधिकार सेना पाटी, रोली गुप्ता अखिल भारतीय हमारा समाज पाटी, चंदन चौहान निर्दल, प्रेमचंद बहुजन मुक्ति समर्पित पाटी एवं ईश्वर दयाल सिंह भारती एकता दल पाटी द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया। इसके अलावा आज नामांकन के तीसरे दिन पांच प्रत्याशी जिसमें प्रेमचंद प्रगतिशील मानव समाज पाटी, विजय कुमार सोशलिस्ट कम्युनिटी सेंटर आफ इंडिया, विनोद कुमार राय भारतीय कम्युनिस्ट पाटी, पवन कुमार चौहान निर्दल दो सेट में, राजेंद्र राम निर्दल पाटी से तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

खेती में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन अपनाना लाभकारी : कृषि अधिकारी

जौनपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार ने किसानो को सलाह दी है, कि खेती में कीट/रोग नियंत्रण कार्य के लिए एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन को अपनाना लाभकारी होगा। एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन (आईपीएम) का प्रमुख उद्देश्य रासायनिक कीटनाशको का कमतर प्रयोग करके प्रदूषण रहित पर्यावरण तथा बिषरहित फसलोत्पादन प्राप्त करना है। इस विधि में फसल की बुवाई से पूर्व तथा कटाई तक विभिन्न उपायों को अपनाकर कृषि की अन्य शस्य, जैविक और यांत्रिक विधियों द्वारा फसलो में कीटो/रोगों का नियंत्रण करना है। इस विधा में विभिन्न क्रियाये अपनाया जाना खेती के लिए हितकर है। गमी की जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है।जिससे मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है। जो फसलो की बढ़वार के लिए उपयोगी होती है। खेतो की ग्रीष्मकालीन जुताई से मृदा के अन्दर छिपे हुये हानिकारक कीड़े मकोड़े और उनके अन्डो/सूंडियो/लार्वा प्यूपा सूर्य की तेज किरणों के सम्पर्क में आने से नष्ट हो जाते है। फसल की साप्ताहिक निगरानी कर मित्र एवं शत्रु कीटो की जानकारी रखना आवश्यक है।

जौनपुर की सियासी पिच तैयार, सबके अपने अपने दावे

केटी न्यूज/जौनपुर

सियासी घटनाक्रम में श्री कलां सिंह का टिकट कटने के बाद हांथी की चाल सुस्त नजर आने लगी है। श्री कलां सिंह का बसपा से टिकट कटने के बाद जौनपुर लोकसभा सीट का हॉट शब्द के खत्म हो गया।जौनपुर में धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट मिपने के बाद जौनपुर की सियासत में जबरदस्त त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा था।लेकिन बसपा प्रमुख मायावती ने रातो रात नामांकन के आखिरी दिन श्री कलां सिंह का टिकट काटकर अपने बतर्मान सांसद श्याम सिंह यादव को अपना प्रत्यासी घोसित कर दिया था।जिससे अब जौनपुर में हांथी की चाल सुस्त हो गयी है और अब त्रिकोणीय लड़ाई भी खत्म नजर आ रही है।बसपा के नए प्रत्यासी श्याम सिंह यादव अपने पिछले कार्यकाल मे किए गए कार्यो को लेकर जनता के बीच जा रहे है। कयास लगाए जा रहे थे कि श्री कलां सिंह के चुनाव लड़ने से जौनपुर में बीजेपी को बड़ा नुकसान हो सकता था।सवाल यह उठता है,कि बसपा सुप्रीमो मायावती पर ऐसा कौनसा दबाब था,कि श्री कलां सिंह का टिकट काटने पर मजबूर होना पड़ा।भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह को अपना प्रत्यासी बनाया है।कृपा शंकर सिंह की जौनपुर में अपनी कोई जमीनी पकड़ मजबूत नही है।कृपा शंकर सिंह मोदी और योगी जी के नाम पर जनपद में चुनाव लड़ रहे है।अब देखने वाली बात होगी कि 25 मई को कृपा शंकर पर यहां की जनता कितना कृपा बरसाती है।हालांकि श्री कलां सिंह का टिकट कटने से बीजेपी अपने को मजबूत मानकर चल रही है। धनंजय सिंह की पत्नी श्री कलां सिंह के चुनाव मैदान से हटा दिए जाने से सपा भी अपना फायदा मानकर चल रही है।सपा ने बाँदा जंपपद के निवासी व बसपा सरकार में यूपी के मंत्री रहे बाबूसिंह कुशवाहा पर दांव खेला है।बाबू सिंह कुशवाहा पर भी बाहरी होने का दबाब है।इनकी भी जौनपुर की लोकल जनता के बीच कोई पैठ नही हैं।बाबू सिंह कुशवाहा सपा के कैडर वोट और कुशवाहा,मोर्या वोट बैंक में सेंध मारकर संसद भवन पहुंचने के जुगत में है। फिलहाल जौनपुर की लोकसभा सीट पर 25 मई को चुनाव होना है।श्री कलां के चुनाव मैदान से हटने पर त्रिकोणीय लड़ाई अब खत्म होती नजर आ रही है।चुनाव की गर्माहट भी जौनपुर में ठंडी पड़ गयी है। सभी प्रत्यासी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे है।अब वोटिंग के बाद 4 जून को फैसला आने के बाद ही पता चलेगा कि जनता किसे अपने सर माथे पर बैठायेगी।

मुख्यमंत्री ने जनसभा से पहले अपने सरकारी आवास पर मीडिया से की बातचीत

'अपने बुद्धिदाता' के कृत्यों के लिए देश की जनता से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

- सैम पित्रोदा के बयान पर बिफरे सीएम, बोले- रंग और चमड़ी के आधार पर देश को बांटने का प्रयास कर रही कांग्रेस, उनके मनसूबे कभी कामयाब नहीं होने देंगे
- सैम पित्रोदा जैसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को मुबारक
- भारत के हर परिवार में मर्यादा के आदर्श माने गए हैं श्रीराम
- राम भारत की सांस्कृतिक और राजनीति एकता के प्रतीक हैं

केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता प्राप्ति की अतिलिप्सा है। कांग्रेस 1947 में भारत के विभाजन की त्रासदी की जिम्मेदार है। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को अपने बुद्धिदाता के कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए। गुरुवार को चुनावी जनसभा में रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। सीएम योगी ने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोगों के साथ ही दुनिया में जहां भी सनातन धर्मावलंबी निवास करते हैं।

दुनिया में जहां कहीं भी मानवता के कल्याण के पक्षधर हैं, वह हर व्यक्ति राम मंदिर के निर्माण से आनंदित व प्रफुल्लित है। इसके जरिए उन्हें बहुत पॉजीटिव एनर्जी भी प्राप्त हुई है। यही कारण है कि न केवल सनातन धर्मावलंबी, बल्कि दुनिया के दजनों राजदूत अयोध्या की यात्रा कर वहां के विकास कार्यों को देख चुके हैं। यह निरंतरता आगे चलती रहेगी।

सैम पित्रोदा अपनी बुद्धि अपने पास रखें

राम मंदिर से जुड़े सैम पित्रोदा के बयान पर सीएम ने खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा अपनी बुद्धि अपने पास ही रखें। उनके जैसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को मुबारक हों। राष्ट्रवादी राम और राष्ट्र को एक-दूसरे के पूरक मानते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक एकता के आधार हैं। भारत का मूल चरित्र राम की चेतना से नई संजीवनी प्राप्त करता है। भारत के हर परिवार में श्रीराम मर्यादा के आदर्श माने गए हैं। राम भारत की सांस्कृतिक और राजनीति एकता के प्रतीक हैं। इसमें गरीब कल्याण, सबका साथ-सबका विकास, सर्वे सन्तु निरामया का भाव निहित है। इसकी मूल चेतना प्रभु श्रीराम से प्राप्त होती है, इसलिए राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए गौरव का विषय है। जिनका भारत और भारतीयता पर विश्वास नहीं है और जिन्हें अच्छे कार्य में शर्मिंदगी महसूस होती है। ईश्वर करे कि उन्हें यह शर्मिंदगी हमेशा मिलती रहे।

रंग और चमड़ी के आधार पर बांटने का कर रहे प्रयास

सीएम ने कहा कि वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूवी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है। यह शर्मनाक और निंदनीय बयान भारत जैसे सनातन देश में 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।

मीडिया कमी विनय राय के प्रकरण को लेकर एसपी से मिले पत्रकार

- सीओ सिटी को सौपी जांच, दोषी के खिलाफ कड़ी कारवाई करने का दिया भरोसा
- एसपी ने उक्त मामले को लेकर दिखाई गम्भीरता

केटी न्यूज/मऊ

जनपद के वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार राय के उपर राशन के कोटेदार अनूप गुप्ता व उनके पुत्र प्रिन्स गुप्ता द्वारा जानलेवा हमले करने की घटना पर दक्षिण टोला थाने की पुलिस द्वारा लीपापोती किये जाने से आज जनपद के वरिष्ठ पत्रकारो का दल पुलिस अधीक्षक से मिला और दोषी के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने की मांग रखी। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले को गम्भीरता से लिया और पूरे मामले की जांच सीओ सिटी को सौप कर दोषी के खिलाफ कड़े एक्शन लेने के संकेत दिये।

गत रविवार को मीडिया कमी विनय राय के उपर किये उक्त हमले के बाद दक्षिण टोला थाने की पुलिस द्वारा कोई ठोस कारवाई न होने और मुकदर्शक की भूमिका मे रहने पर जिले के सभी पत्रकार आक्रोशित थे और इस मामले को बुधवार को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखने का निर्णय लिये थे। इस क्रम मे आज जिले के वरिष्ठ पत्रकारो का दल पुलिस अधीक्षक से मिला और इस प्रकारण पर स्थानीय पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताई। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिटी को उक्त प्रकरण की जांच करने और इसमे दोषी के विरुध्द कड़ी कारवाई करने को निर्देश दिये।

पुलिस कप्तान से मिलने वाले पत्रकारो के प्रतिनिधि मंडल मे जिले के वरिष्ठ पत्रकार व जन सन्देश के चीफ ब्यूरो श्री हरिद्वार राय, अमर उजाला के चीफ ब्यूरो श्री रजनीकांत, चीफ ब्यूरो श्री सुभाष यादव, एबीपी न्यूज तथा दैनिक भाष्कर के चीफ ब्यूरो व आजाद पत्र के सम्पादक प्रवीण राय, दैनिक जागरण के हरिओम राय, दैनिक देवब्रत के चीफ ब्यूरो श्री विनोद सिंह, चीफ ब्यूरो श्री विकास सिह निकुम्भ जी, तरुण मित्र के चीफ ब्यूरो श्री संजय राय सहित दर्जन भर खबरनवीस शामिल रहे।

वाराणसी के नारायणी विहार के हनुमान मंदिर पोखरा से दो शव बरामद

तालाब में नहाने गई तीन बहनें डूबीं, दो की मौत, एक की हालत गंभीर

केटी न्यूज/वाराणसी

गुरूवार को वाराणसी में तालाब में नहाने गई तीन बहनें डूब गई। किशोरियों के बचाने-बचाने की आवाज सुनकर तालाब किनारे मौजूद लोगों ने तालाब में कूदकर बच्चियों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दोनों किशोरी गहरे पानी में डूब गयी थी। वहीं तीसरी बहन को लोगों ने डूबने से बचा लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने भी बच्चियों की तलाश किया। लेकिन दोनों बच्चियों का पता नहीं चल सका। वहीं मौके पर गोताखोरों को बुलाकर पानी में उतारा गया। जिसके बाद दो शव बरामद हुआ। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं एक अन्य बेहोश किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर संतोष उपाध्याय की तीन बेटियां चितईपुर स्थित नारायणी विहार कॉलोनी के तालाब में नहाने गई थी। उसकी बड़ी बेटी लाडो (13) लाली (10) और लवली (7) अपने साथ कपड़े धुलने के लिए गयी थी। पहले उन्होंने कपड़े धुले फिर नहाने के लिए पानी में उतर गई। सबसे पहले लवली पानी में उतरने लगी, तो बड़ी बहन लाडो उपाध्याय ने उसे मना किया। बहन की बात को अनसुनी लालो और लवली तालाब में घूस गयी। अचानक लवली का पैर दलदल में धंस गया। पैर धंसने के बाद बहन को पुकारा और पानी में डूब गई। उसे बचाने के लिए लाडो तुरंत तालाब में कूद गई। लाडो को तैरना आता था। लेकिन गहराई अधिक होने के कारण वह उसे नहीं ढूंढ सकी। पहले तो ऊपर आई, लेकिन फिर पानी के अंदर समा गई। दोनों बहनों को देखकर लाली ने भी बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी डूबने लगी। हालांकि बाहर निकलकर उसने घर पहुंचकर चाचा अनिल कुमार उपाध्याय को सबसे पहले घटना की जानकारी दी। चितईपुर एसओ ने बताया कि तालाब नहाने गई तीनों बहनें तालाब में नहाते हुए डूबने लगी। जिससे दो बहनों की डूबने से मौत हो गई। एक घायल बच्ची का इलाज चल रहा है। इनके पिता संतोष उपाध्याय ऑटो ड्राइवर हैं।

व्यापार मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की जन्म जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मिष्ठान वितरित किया

जौनपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष चार बार के पूर्व सांसद पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी के 86वें जन्म जयंती पर एक श्रद्धाजली कार्यक्रम सोतहत्ती बाजार स्थित जिला कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया, अध्यक्षता करते हुए जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी के व्यक्तित्व और नेतृत्व पर विस्तृत रूप बताते हुए कहा कि पंडित जी अपने कायर्काल के दौरान जौनपुर को सदा सम्मान देते थे। और पिछले 50 वर्षो में व्यापारी हित की प्रत्येक लड़ाई में आपका महत्वपूर्ण योगदान था। नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने पंडित जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश के करोड़ों व्यापारियों के दिलों में राज करने वाले पंडित जी हमेशा हम लोगों के बीच मौजूद हैं, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने कहां की श्याम बिहारी मिश्रा जी छोटा हो या बाद सभी का सम्मान करते थे और व्यापारियों के सहयोग के लिए 24 घंटे तैयार रहते थे, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष अग्रहरि ने कहा कि पंडित जी ने जो छोटा सा पौधा 50 वर्ष पहले लगाया था वह आज बटवृक्ष हो गया है, प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित जी का जौनपुर से विशेष लगाव रहता था 1983 से मुझे पता है पंडित जी के नेतृत्व की जितनी सराहना की जाए वह कम होगा, जिला संरक्षक राजदेव यादव एवम् जिला उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी ने संयुक्त रूप से पंडित जी के व्यक्तित्व की सराहना किया जन्म जयंती कार्यक्रम में सभी ने पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प चढ़ाए तथा गल्ला मंडी के सभी व्यापारियों में मिष्ठान वितरण किया गया।

एक नजर

व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन अवधारणा से ही गुणवत्ता संभव : संदीप वर्मा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत गुरुवार को छात्रों ने ग्रेटर नॉएडा स्थित स्काईड़ा इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का उत्पादन इकाई का भ्रमण किया ' यह कंपनी अनेक प्रकार की बिजली एवं औद्योगिक तार, पी.वी.सी. कंडइट पाइप्स, स्विच गियर्स, पंखा, सबमर्सिबल पंप्स एवं इंजीनियरिंग और औद्योगिक बिजली उपकरण का निर्माण करती है। छात्रों को सम्बोधित करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रदीप शर्मा और निदेशक संदीप वर्मा ने छात्रों को कंपनी के उत्पाद को उत्कृष्ट बनाने की कई महत्वपूर्ण जानकारी दी ' बिजली के तार के उत्पादन और और सेवाओं के निर्माण में व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन अवधारणाओं को लागू करने के बारे में विस्तार से बताया ' इसके उपरांत विपणन द्वारा इन्हें बाजार में लाने की रणनीति भी साझा किया ' संदीप वर्मा ने उत्पादन का गुणवत्ता बढ़ाने में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन, जस्ट इन टाइम, सूची प्रबंधन, कैजेन, बेंचमार्किंग आदि तकनीक का प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला ' बिजली की तार की मैन्युफैक्चरिंग की अलग-अलग प्रक्रिया एवं कंपनी के अनेक इकाइयों की कार्य पद्धति के बारे में छात्रों को स्काईड़ा कंपनी के वरिष्ठ अभियंता अमन मिश्रा द्वारा समझाया गया ' उन्होंने तार की सफाई, बिजली द्वारा धातू चढ़ाना, तारों को ठंडा करना आदि गलवानाइजिंग एवं ब्रेचिंग प्रक्रिया से गुजरने के बाद तारो को मोड़ कर पैकेजिंग कराने की जानकारी दी। व्यवसाय प्रबंध विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा की सैद्धांतिक शिक्षा को ऐसे इकाई की भ्रमण से प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ावा मिलता है। ' उन्होंने आशा जताई की आगामी वर्षो में विश्वविद्यालय के प्रबंधन व्यवसाय के विद्यार्थियों को स्काईड़ा कंपनी में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण करने का अवसर मिलेगा ' विभाग के शिक्षक मोहित सिंह भटिआ ने प्रदीप वर्मा को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया एवं धन्यवाद ज्ञापन समरीन तबस्सुम ने दिया।

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एफएसटी टीम ने 7 लाख 50 हजार रुपए किए जब्त

मऊ। उड़न दस्ता टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से बिना साक्ष्य के 7 लाख 50 हजार रुपए बरामद कर भारी सफलता हासिल किया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिना साक्ष्य के 50000 रुपए से अधिक की धनराशि लेकर चलने पर सीज की कारर्वाई करने के निर्देश हैं। आज एफएसटी टीम द्वारा बलिया मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान शशि भूषण शर्मा पुत्र श्यामानंद शर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट रतनपुरा थाना हलधरपुर के पास से 7 लाख 50 हजार रुपए बरामद किए गए। उचित साक्ष्य प्रस्तुत न करने पर एफएसटी टीम द्वारा उक्त धनराशि को जप्त कर संबंधित व्यक्ति को छोड़ दिया गया। साथ ही साक्ष्य प्रस्तुत करने पर उक्त धनराशि को अवमुक्त करने का आश्वासन भी दिया गया। ज्ञातव्य है कि आदर्श आचार संहिता के दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने 50000 से अधिक धनराशि लेकर चलने पर उचित साक्ष्य साथ रखने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा की स्थिति में उक्त धनराशि के सीज की कारर्वाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज जनपद में तैनात एफएसटी टीम की सक्रियता से 7 लाख 50 हजार रुपए की सीज की कारर्वाई की गई। इस एफएसटी टीम में सेक्टर मजिस्ट्रेट दयानंद भारती पशुधन प्रसार अधिकारी, अनिल द्विवेदी एसआई कोतवाली, जमाल अहमद तथा बिट्टू कुमार शामिल हैं।भारत निर्वाचन आयोग का मानना है कि चुनाव के दौरान अधिक मात्रा रुपयो का प्रयोग वोटरों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। इसीलिए इस दौरान चुनाव आयोग ने बिना उचित साक्ष्य 50000 से अधिक की आवाजाही पर रोक लगाने हेतु सीज की कारर्वाई करने के निर्देश दिए हैं।

मोटर साइकिल - स्कापियी टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत

मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के ढेकवारा फोरलेन पर बुधवार की शाम घोसी की तरफ से तेज गति के साथ आ रही स्कापियों ने ओभरटेक करने के चक्कर में घोसी से मऊ आ रहे मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। वही टक्कर मारने के बाद स्कापियों के ब्रेक मारने से पीछे आ रही इको गाड़ी से टक्कर हो गयी जिससे दोनों गाड़िया अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गयी। दोनों गाड़ियों के ड्राइबर मौके से फरार हो गए है।

DR. JAGNARAYAN SINGH MEMORIAL NURSING INSTITUTE
Dumraon (Buxar) Bihar 802119
Run & Managed by Raghubir singh Chikitsalaya
केवल ANM कोर्स के लिए
Cont - 7488025032, 9431682605 | Emai- sakarsingh83@gmail.com

रघुवीर सिंह चिकित्सालय
संस्थापक
स्व. डॉ. जगनारायण सिंह
स्व. डॉ. अजीत कुमार सिंह
ढुनमुन सिंह
डुमरांव बक्सर

डॉ0 साकार कुमार
एमबीबीएस, एमएस लखनऊ
एक्स सीनियर रेजिडंट,
गुरूगोविन्द सिंह हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. मोनिका सिंह
एमबीबीएस लखनऊ
स्त्री रोग विशेषज्ञ
एक्स रेजिडंट
डॉ0 दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. नन्द किशोर सिंह
एमडीएस

डॉ. सिद्धार्थ सिंह
बीडीएस

शुक्रवार बंदी

नोट: दूरबीन द्वारा सभी प्रकार का ऑपरेशन किया जाता है

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

सुभाषितम्

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है। - सरदार पटेल

कोविड वैक्सीन पर भारत की चुप्पी आश्चर्यजनक

कोविड महामारी के दौरान सबसे ज्यादा वैक्सीन भारत में लगाई गई हैं। अनिवार्य रूप से 175 करोड़ डोज भारतीय नागरिकों को पहले और दूसरे टीके के रूप में लगाए गए हैं। ब्रिटेन की मुख्य फार्मा कंपनी एस्ट्राजोन ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद वैक्सीन को बाजार से वापस मंगाना शुरू कर दिया है। भविष्य में इसके उत्पादन को बंद करने की बात कंपनी ने कही है। कंपनी ने स्वीकार किया है, वैक्सीन लगने के बाद खून का थक्का जमने और प्लेटलेट काउंट कम होने की शिकायत जांच में सही पाई गई है। कंपनी ने यह वैक्सीन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर तैयार की थी। आपदा में अवसर की खोज में भारत इसके लिए सबसे बड़ा बाजार था। सारी दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन बहुत कम समय में भारत में लगाई गई हैं। भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए जाने और निशुल्क प्रदान किए जाने के कारण भारत में सबसे ज्यादा कोविशील्ड वैक्सीन लगी हैं। भारत में सिरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया ने इसी वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से भारत में उत्पादन किया। भारत सरकार को करोड़ों डोज वैक्सीन सप्लाई की। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ सीरम इंस्टीट्यूट ने उठाकर अरबों खरबों रुपए की कमाई भारत सहित गरीब और विकसित देशों मैं वैक्सीन को बेचकर की है। भारत सरकार द्वारा वैक्सीन को अनिवार्य किए जाने के बाद और कंपनी द्वारा किए गए झूठे वादे को सारी दुनिया ने सच मान लिया था। भारत सरकार ने अपने स्तर पर कहा था, कि सरकार ने वैक्सीन की जांच कर ली है। यह पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इस कंपनी ने बड़ी मात्रा में कोविशील्ड वैक्सीन सप्लाई की। वर्तमान स्थिति में यूरोप की दवा नियामकसंस्था, यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने 27 देशों में इस वैक्सीन को प्रतिबंधित कर दिया है। सभी 27 देशों से इस वैक्सीन को वापस बुलाया जा रहा है। लंदन की अदालत में जब कंपनी द्वारा स्वयं स्वीकार कर लिया गया है, कि इस वैक्सीन से दुष्प्रभाव भी संभव है। ब्रिटेन में जो दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं। उसी एस्ट्राजेनका के फामूर्ले पर सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा वैक्सीन तैयार की गई थी। उसी वेक्सीन के सबसे ज्यादा घातक परिणाम ब्रिटेन में देखने को मिले हैं। सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा भारत सरकार को धोखे में रखा गया। कंपनी ने सरकार से यह अनुमति भी ले ली थी, यदि उनकी वैक्सीन से मरीज को कोई नुकसान होगा, तो उसकी भरपाई कंपनी द्वारा नहीं की जाएगी। भारत सरकार ने कंपनी की इस शर्त पर सहमति दी। कोविशील्ड वैक्सीन को बड़ी मात्रा में भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों को टीकाकरण अभियान के तहत अनिवार्य रूप से लगाया गया है। जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाई थी, उन्हें बस ट्रेन और हवाई जहाज में बैठने की अनुमति नहीं होती थी। सार्वजनिक स्थलों पर जाने की अनुमति नहीं होती थी। सबके लिए वैक्सीन को अनिवार्य किया गया था। वैक्सीन लगवाने का प्रमाण अपने साथ लेकर चलने के निर्देश नागरिकों को दिए गए थे। कोविड वैक्सीन को लेकर सारी दुनिया मैं चिंता देखी जा रही है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार ने इस मामले में कोई पहल नहीं की है। कोविड के दौरान जो मौतें हुई थी। उसके आंकड़े भी छिपाए जाने का आरोप सरकार के ऊपर लगता है। उस समय किसी भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। वर्तमान में साइलेंट अटैक से हजारों मौतें भारत में हो रही हैं। लोगों में भय फैलता चला जा रहा है। भारत का स्वास्थ्य मंत्रालय और भारत सरकार की चुप्पी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। सीरम इंस्टीट्यूट एवं अन्य दवा कंपनियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी को अरबों रुपयों का चंदा दिया गया है।

चिंतन-मनन

काम में तल्लीनता

एक साधक से पूछा गया-आप साधना करते हैं? उसने कहा, जब भूख लगती है, तब खा लेता हूं और जब नींद आती है, तब सो जाता हूं। यही है मेरी साधना। उसने कहा, बड़ी सीधी बात है। यह तो मैं भी कर सकता हूं। साधक से कहा, अच्छा आओ, भोजन करें। दोनों भोजन करने बैठे। भोजन पूरा हुआ। साधक ने पूछा, भोजन कर लिया? हां, कर लिया। क्या खाया? रोटी, शाक, चावल और मिठाई। केवल भोजन ही किया या कुछ स्मृति और कल्पना भी की? भोजन करते-करते अनेक स्मृतियां सामने आ गई। मीठी-मीठी कल्पनाएं भी कीं। भोजन यंत्रवत चलता रहा और मैं उन स्मृतियों और कल्पनाओं में डूबता रहा। परोसी हुई थाली खाली हो गई। हाथ धोकर उठ खड़ा हुआ। साधक ने कहा, भाई! तुमने भोजन कहां किया? भोजन कहां खाया? तुमने तो स्मृतियां खाई हैं, कल्पनाएं खाई हैं, विचार खाया है, रोटी और मिठाई कहां खाई केवल रोटी और मिठाई खाना बहुत कठिन होता है। आदमी विचार खाता है, कल्पना खाता है। आयुर्वेद का एक सूत्र है, तन्मना भुजीत- भोजन करते समय इसी बात का ध्यान रहे कि मैं भोजन कर रहा हूं। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से कही हुई बात है, किन्तु साधना की दृष्टि से यह और अधिक महत्वपूर्ण बन जाती है। साधक जो काम करे वह उसी में तन्मय बन जाए अन्यथा व्यक्तित्व खण्डित हो जाता है। डुयल पर्सनेलिटी खतरनाक होती है। जहां खंडित व्यक्तित्व होता है, वहां कोई सम्बन्ध स्थापित नहीं हो सकता।

सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों?

-राकेश अचल

सैम अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए। सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है। आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो ,इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं।सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं ,उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरूआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए। माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात ह्यसेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्सद्ध की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधनमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुईं। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे। सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया। 2004 में जब देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को वापस भारत बुलाकर उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाय। वहीं 2009 में यूपीए सरकार के दौरान पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार नियुक्त किया गया । मुझे लगता है कि यदि माननीय मोदी जी भी सैम अंकल की प्रतिभा को पहचान लेते तो वे भी उनकी सेवाएं लेने से न हिचकते किन्तु सैम अंकल का गांधी परिवार के निकट होना ही उनकी तमाम उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए काफी साबित हुआ। सैम अंकल का रिश्ता राहुल गांधी से भी बेहद खास रहा। यहां तक कि पित्रोदा को राहुल गांधी का राजनीतिक गुरु भी माना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पित्रोदा को राहुल का अंकल कहकर तंज करती है। लेख तनिक लंबा हो सकता है किन्तु सैम अंकल को समझने के लिए इसे बर्दाश्त करना पडेगा आपको । दरअसल सैम अंकल वैज्ञानिक हैं,लेकिन अंधभक्त नहीं। वे हमेशा खरी-खरी कहते हैं इसलिए भाजपा के मन से उतरे रहते हैं। सैम पित्रोदा ने जून 2023 में कहा था कि मंदिरों से देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी दिक्कतों का समाधान नहीं होगा, इन मुद्दों पर कोई बात नहीं करता। हर कोई राम और हनुमान मंदिर की बातें करता है। उन्होंने ये कहकर राजनीतिक भूचाल ला दिया था कि मंदिर निर्माण से आपको रोजगार नहीं मिलेगा। हाल ही में सैम अंकल ने द स्टेटमेंट को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में भारत को विविधतापूर्ण देश बताया। उन्होंने कहा, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं। पश्चिम के लोग अरब जैसे। उत्तर के लोग गोरे और दक्षिण के लोग अफ्रीका जैसे दिखते हैं। सैम अंकल कभी भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने नहीं आये किन्तु भाजपा को सैम अंकल कांग्रेस के सबसे बड़े नेता दिखाई देते हैं ,इसीलिए भाजपा सैम अंकल के हर बयान को कांग्रेस से जोड़कर न सिर्फ मुद्दा बनाती है बल्कि उनकी हर बात को पूरी गंभीरता से लेती है। आपको याद होगा कि पिछले दिनों सैम अंकल ने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। यानी किसी शख्स के मरने के बाद उसकी संपत्ति का कुछ हिस्सा उसके रिश्तेदारों को दिया जाता है, जबकि एक बड़ा हिस्सा सरकार अपने पास रख लेती है। सैम पित्रोदा ने इस कानून को एक रोचक कानून बताया था । मोदी जी ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया। अब सैम अंकल का ताजा बयान भाजपा के लिए संजीवनी बन गया है। भाजपा सैम अंकल के बहाने पूरी कांग्रेस को नस्लवादी बताने की कोशिश कर रही है लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई लाभ भाजपा को होगा नहीं। मजे की बात ये है कि सैम अंकल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के काम आये थे । उस समय उन्होंने 1984 के सिख दंगों को लेकर कुछ कह दिया था।इसी साल 2019 में सैम पित्रोदा ने कहा था कि मेडिकल क्लास को स्वार्थी नहीं बनना चाहिए. उनको कांग्रेस की प्रस्तावित न्याय योजना की फंडिंग के लिए ज्यादा से ज्यादा टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि टैक्स का बोझ बढ़ने से मिडिल क्लास को स्वार्थी बनीं बनना चाहिए।उनके इस बयान पर भी भाजपा ने काफी बवाल काटा था।सैम अमरीका में बैठे हैं और कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के काम आ रहे है। भाजपा को यदि सैम अंकल के उपकारों से उत्रृण होना है तो उनकी आलोचना करने के बजाय उन्हें भारतरत्न से सम्मानित करना चाहिए।

अक्षय तृतीया पर एक ऐसा उपाय जिससे घर मे अन्न की कमी नही रहेगी!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाता है।इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में मौजूद होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं।इन दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय तृतीया के रूप में प्राप्त होता है। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान-पुण्य के कार्य भी शुभ माने जाते हैं। सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है। कहते है, अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी की चीजें खरीदने से जातक का भाग्योदय हो जाता है। इसके अलावा, पवित्र नदियों में स्नान, दान, ब्राह्मण भोज, श्राद्ध कर्म, यज्ञ और ईश्वर की उपासना जैसे उत्तम कार्य इस तिथि पर अक्षय फलदायी माने जाते हैं। इस दिन शुरू किया गया कोई भी शुभकार्य आसानी से संपन्न हो जाता है। इस दिन आप शुभ मुहूर्त देखे बिना कोई भी शुभकार्य संपन्न कर सकते हैं।अक्षय तृतीया तिथि इस बार 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होकर 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट तक रहेगी। उदिया तिथि के कारण अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जा रही है।मान्यता यह भी है कि सतयुग और त्रेतायुग की शुरूआत अक्षय तृतीया से ही हुई थी। भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार इसी दिन लिया था। इस शुभ तिथि से ही भगवान गणेश ने महाभारत काव्य लिखना शुरू किया था।अक्षय तृतीया पर ही बद्रीनाथ के कपाट खुलते हैं और इसी दिन वृन्दावन में भगवान बांके-बिहारी जी के चरणों के दर्शन होते हैं। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि को अखा तीज के रूप में भी मनाया जाता है।इसी कारण कुछ लोग इसे अक्षय तीज भी कहते हैं।इस दिन रवि योग के साथ-साध धन योग, गजकेसरी योग, शुक्रादित्य योग , मालव्य योग के साथ शश राजयोग बन रहा है। ऐसे में इस शुभ योगों में मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा करने से कई गुना अधिक फलों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।इस दिन को श्री कृष्ण और सुदामा से भी संबंधित माना जाता है। एक बार अक्षय तृतीया के दिन श्री कृष्ण अपने मित्र से काफी समय के बात मिले थे। वह बहुत गरीब थे इसलिए अपने परम मित्र से सहायता मांगने के लिए आए थे। जब श्री कृष्ण को सुदामा के बारे में पता चला, तो वह खुद दौड़कर नंगे पैर अपने महल के द्वार पर उन्हें लेने गए थे। सुदामा अपने मित्र द्वारा भव्य स्वागत देखकर दंग रह गए थे। ऐसे में श्री कृष्ण ने सुदामा से पूछा कि आखिर भाभी ने मेरे लिए क्या भेजा हैं? लेकिन केवल कच्चे चावल लाने के कारण वह शर्मिंदा हो गए और वह अपने मित्र को न दे सके। लेकिन श्री कृष्ण के जिद करने पर उन्हें वह चावल की पोटली उनके तरफ बढ़ा दी। श्री कृष्ण ने बिना संकोच किए उन चावलों को खा लिया। इसके साथ ही सुदामा से इतने साल बाद आने का कारण पूछा। तो उन्होंने संकोच में अपने मित्र को कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह अपने मित्र श्री कृष्ण के पास कुछ जिन रहकर बिना कुछ मांगे अपने घर की ओर निकल गए। लेकिन जैसे ही वह अपने घर के पास पहुंचे, तो वह अचंभित हो गए कि उनकी झोपड़ी की जगह इतना भव्य महल बना हुआ है, जिससे उन्हें लगा कि वह रास्ता भटक गए है। जैसे ही सुदामा की पत्नी को पता चला कि उनके पति आए है, तो वह खुद द्वार में उनके आदर के लिए पहुंची। गहनों से लदी अपनी पत्नी को देख वह कहने लगे कि देवी शायद में गलत जगह आ गया हूं। तब पत्नी ने पूरी घटना बताई। जब सुदामा को इस बात का अहसास हुआ कि यह उन्हीं का महल है, तो वह भाव विभोर हो गए कि अपने परम मित्र से बिना कुछ कहें उन्होंने सबकुछ पा लिया। अक्षय तृतीया के दिन सिद्धि योग और रोहिणी नक्षत्र होने के साथ ही मध्याह्न काल में चंद्रमा वृषभ राशि में रहेंगे। अक्षय तृतीया के अवसर पर एक आसान उपाय कर सकते है, जिससे पूरे साल घर में अन्न की कमी नहीं रहेगी।अक्षय तृतीया के दिन पीतल के एक बर्तन में गाय का दूध रख लें और उसमें चावल, शक्कर डालकर खीर बना लें। उसके बाद मां अन्नपूर्णा को उस खीर का भोग लगाएं। फिर घर के लोगों को खीर का प्रसाद दें।बाद में उस बर्तन में गेहूं या चावल भरकर रख दें व उसे खाली न करें। इस उपाय से घर में पूरे साल अन्न की कमी नहीं होगी,साथ ही परिवार में सुख और शांति होगी। अक्षय तृतीया के दिन मां आदिशक्ति को बाल्यकाल में कुछ ऋषियों से अक्षय पात्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने देवी को आशीर्वाद दिया था कि अक्षय पात्र में जो भी अन्न रखा जाएगा, वह कभी खत्म नहीं होगा। भगवान शिव ने धरती पर जीवों के पोषण के लिए मां अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, तब उन्होंने उनको अन्न दान किया था, जिससे उनके भी प्राण बचे। मां अन्नपूर्णा को देवी पार्वती का स्वरूप माना जाता है।

भगवान विष्णु के अवतार है चिरंजीवी परशुराम!

-डॉ श्रीगोपाल नारसन

भगवान विष्णु के अवतार है चिरंजीवी परशुराम,जो श्रीराम युग मे भी थे और श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें जीवित यानि चिरंजीवी माना जाता है।भगवान परशुराम ने ही भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रहा है।कहते है कि एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने गणेश जी पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट गया था और वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर भी वे नाराज हो गए थे ,हालांकि बाद में उन्होंने श्रीराम का सम्मान भी किया था। द्वापर युग में परशुराम ने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दे दिया था।उन्होंने ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।भगवान परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ था।उनकी जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋर्षि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया वही शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज ढकियाइन देवी के नाम से सुप्रसिद्ध है।

आज का राशिफल

मेष	आज कोई भी काम बहुत सोचकर करें। आज पैसों के मामले में किसी पर भरोसा न करें।
वृषभ	आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपके लिए सुख भोग में वृद्धि का दिन है।
मिथुन	आज लाभ होगा और आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। सम्मान की प्राप्ति होगी।
कर्क	वृद्धि के योग बन रहे हैं और आज आपको काफी समय से रुके धन और संपत्ति की प्राप्ति होगी।
सिंह	कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपको ऑफिस में आज कुछ जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं।
कन्या	समस्या को बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आप लोगों के बीच में बिना विवाद के फंस सकते हैं।
तुला	अधिकारियों से हर मामले में मदद मिलेगी। आज आपके काम में उलटफेर हो सकते हैं।
वृश्चिक	आज भाग्य साथ दे रहा है और आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा।
धनु	आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आप अपने पुराने कर्ज चुका सकते हैं।
मकर	हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी काम से पास और दूर की यात्रा पर जा सकते हैं।
कुंभ	आज आपके लिए राजनीतिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।
मीन	आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा।

विशेष

बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने, 9 स्थानों पर छापेमारी की। मंत्री के निजि सचिव के नौकर के यहां से 30 करोड रुपए नगद छापे मे मिले। जिसके यहां यह नगदी मिली है, उसका वेतन 15000 रुपए प्रतिमाह है। दीदी के अधिकारियों का मानना है, यह नगदी मंत्री की है। जो उन्होंने अपने निजी सचिव के नौकर के यहां रखवाई थी। सांसद धीरज साहू के यहां से 300 करोड रुपए की नगदी बरामद हुई थी।

35 सालों से शाही परिवार का कोई भी सदस्य पीएम और मंत्री नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी को शहजादा बुलाते हैं। उन्हें शाही परिवार का सदस्य बताते हैं। राजीव गांधी इस शाही परिवार के अंतिम प्रधानमंत्री थे। उनकी मौत के बाद इस शाही परिवार का कोई भी सदस्य प्रधानमंत्री और मंत्री नहीं बना। 2004 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने अपना नेता सोनिया गांधी को चुना था। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया था। 10 साल मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। राहुल गांधी सांसद होते हुए भी मंत्री नहीं बने। इसके बाद भी भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी , राहुल गांधी को शहजादे, शाही परिवार और तरह-तरह से संबोधन कर- के क्या बताना चाहते हैं।

कार्टून कोना


राम मंदिर पर रामगोपाल यादव ने कहा-वो मंदिर बेकार का है, मंदिर ऐसे नहीं बनता
आपने बनवा दिया होता तो सत्ता से जाने की नौबत नहीं आती!

आज का इतिहास

1526: बाबर पानीपत की लड़ाई में जीतेने के बाद आगरा पहुँचा. 1875: रूस में धार्मिक पदों को समाप्त कर दिया गया. 1940: ब्रिटेन के प्रधानमंत्री नेविले चैम्बरलिन ने इस्तीफा दिया और चर्चिल ने सरकार का गठन किया. 1967: अमरीका विमानों ने पहली बार उत्तर वियतनाम के ऊर्जा संयंत्र पर बमबारी की. 1977: पूर्व नाजी रूडोल्फ हेस ने अपनी तीस साल की सजा पूरी की. 1979: इजरायल ने अधिकृत अरब क्षेत्रों में बस्तियां बसाने की योजना घोषित की. 1987: मुंबई में पहली बार दिन-रात क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ. 1988: अमरीका ने दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमले की निंदा करने वाले राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो किया. 1992: भारतीय दल की एवरेस्ट पर विजय. 1999: पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की कांग्रेस में वापसी.

दैनिक पंचांग

10 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति
सूर्य	मेष में
चंद्र	वृष में
मंगल	मीन में
बुध	मीन में
गुरु	वृष में
शुक्र	मेष में
शनि	कुंभ में
राहु	मीन में
केतु	कन्या में

राहुकाल
10.30 से
12.00 बजे तक

लग्नारंभ	समय
वृष	05.41 बजे से
मिथुन	07.39 बजे से
कर्क	09.52 बजे से
सिंह	12.08 बजे से
कन्या	14.20 बजे से
तुला	16.31 बजे से
वृश्चिक	18.46 ब.से
धनु	21.02 बजे से
मकर	23.07 बजे से
कुंभ	00.53 बजे से
मीन	02.26 बजे से
मेष	03.57 बजे से

शुक्रवार 2024 वर्ष का 131 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 02.51 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 10.47 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 12.06 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.30 बजे तदनन्तर गर 02.51 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.9 घण्टे

रवि क्रान्ति उत्तर 17° 42'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871975
जूलियन दिन 2460440.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना जिल्काद **तारीख** 01
विशेष अक्षय तृतीया, राहिणी व्रत, परशुराम जयंती, मातङ्गी जयंती।

दिन का चौघड़िया					रात का चौघड़िया				
चर	05.55	से	07.23	बजे तक	रोग	05.38	से	07.1	बजे तक
लाभ	07.23	से	08.51	बजे तक	काल	07.11	से	08.43	बजे तक
अमृत	08.51	से	10.19	बजे तक	लाभ	08.43	से	10.15	बजे तक
काल	10.19	से	11.47	बजे तक	उद्वेग	10.15	से	11.47	बजे तक
शुभ	11.47	से	01.15	बजे तक	शुभ	11.47	से	01.19	बजे तक
रोग	01.15	से	02.43	बजे तक	अमृत	01.19	से	02.51	बजे तक
उद्वेग	02.43	से	04.10	बजे तक	चर	02.51	से	04.23	बजे तक
चर	04.10	से	05.38	बजे तक	रोग	04.23	से	05.55	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

क्यों नरेंद्र मोदी को, देश तीसरी बार पीएम के रूप में देखना चाहता है

अपने दूसरे कार्यकाल के पहले संसद सत्र में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 समाप्त कर दिया। इसी मानसून सत्र में ही समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम आगे बढ़ाया गया। उसी तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाया गया और मुस्लिम माताओं-बहनों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाई। नागरिकता संशोधन कानून-2019 को लागू किया गया। एक तरह से महात्मा गांधी के विचार को साकार किया गया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। 22 जनवरी, 2024 को भारतीय जनता पार्टी ने अपना वादा पूरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आज देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन राम लला का दर्शन करने आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू कर इतिहास बना दिया है।



प्रभात झा

(पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)

अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थी। 1952 में पहला आम चुनाव हुआ था और उस चुनाव में जनसंघ के तीन लोग जीते थे। जनसंघ के घोषणापत्र में मुख्यतः दो मुद्दे थे-देश में समान नागरिक संहिता लागू करना तथा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म करना। चुनाव के बाद उस समय भी एनडीए बना तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रतिपक्ष के नेता बने। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। परमिट का नियम तोड़ते हुए उन्होंने हजारों प्रदर्शनकारियों के साथ 11 मई 1953 को जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने का निर्णय किया। जम्मू में प्रवेश करते ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के तानाशाही रवैये के कारण वहां की तत्कालीन शेख अब्दुल्ला सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। लेकिन जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम भी समाप्त हो गया।

जनसंघ का कारवां आगे बढ़ता गया। 1957 के आम चुनाव में जनसंघ को 4 सीटें मिली, 1962 में 14, 1967 में 35 और 1971 में 22 सीटें मिली। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। आपातकाल का जनसंघ ने खुलकर विरोध किया। जनसंघ से जुड़े सभी नेताओं को इसके लिए जेल जाना पड़ा और यातनाएं सहनी पड़ी। इसमें सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भी प्रमुखता से शामिल थे। 1977 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ लेकिन 'दोहरी सदस्यता' (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता) को लेकर जनसघ के नेताओं ने जनता पार्टी से रिश्ता समाप्त कर नए राजनीतिक पार्टी के गठन का निर्णय लिया। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने और पंच निष्ठाओं (राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, सामाजिक और आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टिकोण,सकारात्मक पंथनिरपेक्षता और मूल्यों पर आधारित राजनीति) के आधार पर 6 अप्रैल, 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। अपनी स्थापना के साथ ही पार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए।

1984 का आम चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए पहला आम चुनाव था जिसमें पार्टी को 2 सीटें मिली। 1986 में लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और जून 1989 के पालमपुर अधिवेशन में पहली बार अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। राममंदिर निर्माण को भारतीय जनता पार्टी ने अपने मुख्य राजनीतिक एजेंडे में रखा और अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया। 1989 के आम चुनाव में 2 सीटों से बढ़कर भारतीय जनता पार्टी 85 सांसदों वाली पार्टी बन गई। तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार बनी। 25 सितंबर 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालकृष्ण आडवाणी ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक के लिए राम रथ यात्रा शुरू की। राम मंदिर के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को लेकर भारतीय जनता पार्टी भारत के घर-घर पहुंची। 1991 के आम चुनाव में पार्टी की लोक सभा में सीटों की संख्या बढ़कर 120 पहुंच गई। 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। अटल बिहारी वाजपेयी पहले 13 दिन फिर 13 माह के लिए प्रधानमंत्री बने और इसके बाद एक बार फिर साढ़े चार साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और देश के विकास को नई दिशा दीद्य 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार आई, लेकिन 10 वर्षों में 'भ्रष्ट, कमजोर और पॉलिसी पैरालिसिस' उस सरकार की पहचान बन गई। देश की जनता ने संकल्प लिया और भारतीय लोकतंत्र ने एक सुनहरे भविष्य के लिए करवट लिया।

बारह 12 वर्ष गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया को 'गुजरात का विकास मॉडल' दिया। भारत के जनमानस और भारतीय जनता पार्टी ने उनमें भविष्य के भारत को देखा। 2013 के गोवा अधिवेशन में उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गया। 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिलाद्य देश की जनता द्वारा इतिहास रचा गया। नरेंद्र मोदी पहली बार पूर्ण बहुमत वाली गैर-कांग्रेसी किसी पार्टी के प्रधानमंत्री बने। इसके बाद पार्टी की एक के बाद एक कई राज्यों में सरकार बनती गई। मार्च 2018 तक बीजेपी 21 राज्यों तक पहुंच चुकी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 से भी बड़ी और ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस चुनाव में पार्टी ने 303 सीटें जीतीं और यह पहली बार था जब किसी गैर-कांग्रेसी पार्टी को दूसरी बार बहुमत मिला था।

अपने दूसरे कार्यकाल के पहले संसद सत्र में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 समाप्त कर दिया। इसी मानसून सत्र में ही समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम आगे बढ़ाया गया। उसी तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाया गया और मुस्लिम माताओं-बहनों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाई। नागरिकता संशोधन कानून-2019 को लागू किया गया। एक तरह से महात्मा गांधी के विचार को साकार किया गया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। 22 जनवरी, 2024 को भारतीय जनता पार्टी ने अपना वादा पूरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आज देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन राम लला का दर्शन करने आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू कर इतिहास बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी पर पहले आरोप लगता था कि पार्टी सरकार नहीं चला पाती। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार है और कई राज्यों में भाजपा की सरकार विकास और जन कल्याण के नए-नए आयाम गढ़ रहे हैं। देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गई हैद्य देश और देश का जन मानस आज मोदी की गारंटी पर विश्वास है और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने संकल्प के नाम पर आगे बढ़ रहा है। शोषणमुक्त और समतायुक्त समाज की स्थापना के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहला लोक सभा का चुनाव है जब देश ही नहीं पूरे विश्व ने यह मान लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जिसका परिणाम पहले से ही तय हो गया है, यह भाजपा नहीं देश की 140 करोड़ जनता कह रही है। मोदी की गारंटी ने देश के विश्वास को जितने का काम किया है।

पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। 50 करोड़ से अधिक गरीबों के जन-धन खाते खुलवाए गए हैं, स्वच्छता अभियान के तहत 11 करोड़ परिवारों के लिए शौचालय बनवाए गए हैं। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब को पक्के घर प्रदान किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख की मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी गई है। इस योजना के दायरे में 70 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों लाये जाने की घोषणा की गई है। नारी वंदन अधिनियम लाकर लोक सभा और विधान सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी चलाने वालों को ब्याजमुक्त लोन देकर उनके चिंता की गई है। 36 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से लोगों के खाते में भेजे गए हैं। वित्तीय समावेशन का यह दुनिया में मिसाल है। यह अभियान जन धन खाता खोले जाने से ही संभव हो पाया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 10 करोड़ से अधिक छोटे और सीमान्त किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। किसानों की आय दोगुनी करने और स्वामीनाथन आयोग के सुझावों के अनुरूप उनके उपज को उचित मूल्य मिले, इसके लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। गांवों में पौने 4 लाख किलोमीटर नई सड़कें बनीं हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हर हफ्ते एक नए विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया जाता है। देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के साथ-साथ विरासत के संरक्षण और संवर्धन की भी चिंता की गई है। देश एक प्रकार से आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण के काल में है। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा सहित अन्य नदियों को निर्मल किया गया। चंद्रयान से गगणयान की यात्रा, विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ। प्रवासी भारतीयों को दोहरी नागरिकता दी गई। भारत के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को समझा गया। दलित परिवार से आने वाले रामनाथ कोविंद और आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के पद पर बैठाया गया।

महात्मा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी पहले व्यक्ति हुए जिन्होंने स्वच्छता को जनांदोलन बना दिया। सेवा और समर्पण का ऐसा उदाहरण इतिहास में दूसरा नहीं। देश की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं। आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निडरता, निर्भीकता, कठोरता के प्रतीक तो हैं ही, साथ-साथ संवेदनशीलता, आत्मीयता और उदारता के भी प्रतीक हैं। जहां कठोरता की जरूरत है, कठोरता से काम लेते हैं। जहां संवेदनशीलता जरूरत है, संवेदनशीलता से काम लेते हैं। उन्होंने विश्व का जिस प्रकार नेतृत्व किया है, आज वैश्विक संकट के दौर में दुनिया उनकी तरफ देख रही हैद्य उनके नेतृत्व क्षमता पर पूरी दुनिया का विश्वास है और यह भारत के लिए, भारत वासियों के लिए गौरव की बात है। मुस्लिम देश यूएई में मंदिर का निर्माण हो या फिर दुनिया के अनेकों देशों, जिनमें कई मुस्लिम देश शामिल हैं, द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना, उनके करिश्माई व्यक्तित्व और वैश्विक नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रमाण हैद्य आज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका, इंग्लैंड और फ्रांस की नहीं, भारत की चर्चा होती है। नरेंद्र मोदी ने अपने को प्रधान सेवक के रूप में स्थापित किया। यह अप्रतिम है कि अपनी 100 वर्षीय मां को कंधा देने और अंत्येष्टि करने के बाद भी विराम नहीं किया और उसी समय गुजरात के राजभवन पहुंच राज-काज में लग गएद्य कहीं न कहीं ऐसे व्यक्ति पर ईश्वर की विशेष कृपा होती है।

दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं। पहले चरण में 102 सीटें और दूसरे में 88, मतलब कुल 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। अभी पांच चरण बाकी है। लेकिन दो चरणों में सामान्य से सामन्य लोगों ने विपक्ष का हाल बेहाल देखा। पहली बार विपक्ष नेतृत्व विहीन, नीति विहीन और नीयत विहीन दिखाई दे रहा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य का विषय है कि उसे भारत स्तरीय ही नहीं विश्व स्तरीय नेतृत्व के रूप में नरेंद्र मोदी मिले हैं। 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र देश के समक्ष रखा है, भारत सुनहरे भविष्य की संकल्पना की गई है। इसमें 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दृष्टि है। जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया, फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर संविधान को समाप्त करने की बात कर रही है। नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक पार्टी और नेताओं पर लोगों के खोए हुए विश्वास की वापसी की है। राजनीति के प्रति लोगों के कुविचार को सुविचार में बदला है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय देश के जनमानस ने बहुत पहले ले लिया था।

भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से उतारा, क्षेत्र की सियासत में परिवार का दबदबा

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। दिनेश प्रताप सिंह के परिवार का दबदबा इस क्षेत्र में रहा है। दिनेश प्रताप सिंह साल 2018 में कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा के साथ गए थे। वहीं राहुल गांधी कांग्रेस के प्रत्याशी है।

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। दिनेश प्रताप सिंह के परिवार का दबदबा इस क्षेत्र में रहा है। दिनेश प्रताप सिंह साल 2018 में कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा के साथ गए थे। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। दिनेश प्रताप सिंह के परिवार का दबदबा इस क्षेत्र में रहा है। दिनेश प्रताप सिंह साल 2018 में कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा के साथ गए थे। रायबरेली से गांधी परिवार के सदस्य चुनकर संसद पहुंचते रहे हैं। इस बार कांग्रेस के मन में रायबरेली को लेकर असमंजस की स्थिति थी। 3 अप्रैल को रायबरेली सीट के लिए नामांकन का आखिरी दिन पर राहुल गांधी रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया था।

रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ने से साफ मना कर दिया है। वह राजस्थान से राज्यसभा के जरिए संसद पहुंच गई हैं। राहुल गांधी के पर्चा भरते ही इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

2019 में सोनिया के खिलाफ ठोंकी थी ताल- 2018 में दिनेश सिंह ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा के कमल का फूल पकड़ लिया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें सोनिया गांधी के सामने उतारा था। वह यह चुनाव हार गए थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें एमएलसी बनाकर योगी सरकार में राज्य मंत्री बना दिया।

रायबरेली की राजनीति में दबदबा- दिनेश प्रताप सिंह अपने घर पंचवटी से पूरी रायबरेली की सियासत में दबदबा बनाए हुए हैं। उनका घर पंचवटी गांव गुनावर कमंगलपुर में पड़ता है। रायबरेली में जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, विधायक व ब्लॉक प्रमुख पंचवटी से ही बनते हैं। उनके भाई राकेश सिंह रायबरेली की हरचंदपुर विधानसभा सीट से 2022 में हार गए थे।

गुजरात भाजपा को घोषणापत्रों पर बहस की चुनौती गहलोत ने क्यों कहा- घबरा गए हैं प्रधानमंत्री मोदी

चुनाव प्रचार के लिए अहमदाबाद पहुंचे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घबराहट के चलते कांग्रेस पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा को दोनों दलों के घोषणापत्रों पर बहस करने की चुनौती दी। गहलोत ने कहा कि लोग भाजपा के बनाए माहौल की वजह से संविधान को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इससे अब भाजपा बचाव की मुद्रा में आ गई है और आरोप लगा रही है कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान करेगी। गहलोत ने कहा, मोदी ने 400 से ज्यादा सीटें जीतने और देश को कांग्रेस से मुक्त करने की बात क्यों की है? उन्होंने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसके चलते लोगों को चिंता होने लगी है कि संविधान बदल दिया जाएगा। इसकी वजह से भाजपा अब बचाव की मुद्रा में आ गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह उनकी घबराहट का परिणाम है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, वह कहना कुछ चाहते हैं और बोल कुछ और देते हैं। उन्होंने (कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में) जो कुछ भी कहा है वो आपके सामने है। उन्होंने जो कुछ भी कहा है उसका हमारे घोषणापत्र से कोई संबंध नहीं है। गहलोत ने दावा किया कि भाजपा का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई तथ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र आजादी के बाद का सबसे अच्छा घोषणापत्र है और इसमें किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं समेत समाज के हर वर्ग की बात की गई है।

बता दें कि गुजरात दौरे पर रवाना होने से पहले गहलोत ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा था कि वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र और भैंस लेकर आ गए। पीएम मोदी के इन दिनों अजीबो गरीब बयान आ रहे हैं। वे बोल रहे हैं कि दो भैंस होगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी। यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंस का बीमा किया था। वे पता नहीं कहां से मंगलसूत्र लेकर आ गए। कहां से भैंस लेकर आ गए? क्या-क्या स्टेटमेंट दे रहे हैं?

अक्षय तृतीया का दिन क्यों माना जाता है इतना शुभ?

हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व इस बार 10 मई, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी माता पार्वती हैं। अक्षय का अर्थ है कभी क्षय न होना अर्थात इस तिथि के दिन पूजा-पाठ, दान, स्नान और शुभ कार्य करने से उनका फल अक्षय ही रहता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन ही युधिष्ठिर को भगवान श्रीकृष्ण ने अक्षय पात्र दिया था, जिसमें कभी भी भोजन समाप्त नहीं होता था।

अक्षय तृतीया का महत्व

वर्तमान कल्प में मां पार्वती ने इस तिथि को बनाया और अपनी शक्ति प्रदान करके फलित कर दिया। धर्मराज को इस तिथि का महत्व समझाते हुए माता पार्वती कहती हैं कि कोई भी स्त्री, जो किसी भी तरह का सुख चाहती है उसे यह व्रत करते हुए नमक का पूरी तरह से त्याग करना चाहिए। स्वयं में भी यही व्रत करके मैं भगवान शिव के साथ आनंदित रहती हूं। विवाह योग्य कन्याओं को भी उत्तम वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत करना चाहिए। जिनको संतान नहीं हो रही हो वे स्त्रियां भी इस व्रत करके संतान सुख प्राप्त कर सकती हैं। अक्षय तृतीया का स्वयं सिद्ध मुहूर्त के रूप में भी बड़ा महत्व है। बिना पंचांग देखे भी इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह,गृह प्रवेश, घर, भूखंड या वाहन आदि की खरीदारी से सम्बंधित कार्य किए जा सकते हैं।

इसलिए है ये तिथि बहुत खास

- इस पर्व से अनेकों पौराणिक बातें जुड़ी हुई हैं। महाभारत का युद्ध भी इसी दिन समाप्त हुआ था।
- पौराणिक ग्रंथों के अनुसार त्रेता और सतयुग का आरंभ भी अक्षय तृतीया को हुआ था। इसलिए इस युगादि तिथि के नाम से भी जाना जाता है।
- स्वर्ग के राजा इंद्र की पत्नी देवी इंद्राणी यही व्रत करके इसके पुण्य प्रताप से जयंत नामक पुत्र प्राप्त किया।
- देवी अरुंधति भी यही व्रत करके अपने पति महर्षि वशिष्ठ के साथ आकाश में सबसे ऊपर का स्थान प्राप्त कर सकीं।
- प्रजापति दक्ष की पुत्री रोहिणी इसी व्रत के कारण अपने पति चंद्र की सबसे प्रिय रानी रहीं। उन्होंने बिना नमक खाए इस व्रत को पूर्ण किया था।
- भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन ही हुआ था। इस दिन को परशुराम जयंती के तौर पर भी मनाया जाता है। भगवान परशुराम को आठ चिरंजीवियों में से एक माना गया है, मान्यता है कि वे आज भी धरती पर मौजूद हैं।
- भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण, हयग्रीव का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था।
- ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का अविर्भाव भी इसी दिन हुआ था।
- उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनाथ धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया के ही दिन पुनः खुलते हैं और इसी दिन से चारों धामों की पावन यात्रा प्रारम्भ हो जाती है।
- वृन्दावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। बाकी पूरे वर्ष चरण वस्त्रों से ही ढके रहते हैं।

युग परिवर्तन का दिन अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया सनातन धर्म का प्रसिद्ध त्यौहार है जो लोकभाषा में आखातीज या वैशाख तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व हिन्दू धर्म के अलावा जैन धर्म का भी शुभ त्यौहार है। अक्षय तृतीया को भारत और नेपाल में हिन्दुओं व जैनियों द्वारा एक शुभ समय के रूप में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किये जाते है, उनका अक्षय फल मिलता है, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीय कहा जाता है। अक्षय तृतीया तिथि को अत्यंत सौभाग्यशाली माना जाता है।

हिन्दू पंचांग के अनुसार, प्रतिवर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया मनाई जाती है। संस्कृत भाषा में 'अक्षय' का अर्थ आशा, समृद्धि, आनंद और सफलता से होता है, वहीं 'तृतीय' का अर्थ तीसरा होता है। हर माह के शुक्ल पक्ष में तृतीय आती है, लेकिन वैशाख माह के दौरान आने वाली शुक्ल पक्ष की तृतीय को शुभ माना गया है। इस दिन किसी भी कार्य को करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय को अमरता या शाश्वत जीवन का प्रतीक माना गया है जो अविनाशी है और तृतीया का अर्थ हिंदू पंचांग के अनुसार तीसरा चंद्र दिवस है। अक्षय तृतीया की तिथि से ही त्रेता और सतयुग का आरम्भ हुआ था और यही कारण है कि इस तिथि को कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। भविष्य पुराण में अक्षय तृतीया के विषय में वर्णन किया गया है कि इस दिन स्नान, दान, जप, यज्ञ, स्वाध्याय, तर्पण आदि जो भी धार्मिक कार्य किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। यह तृतीया तिथि सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुखों को प्रदान करने वाली होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन नर-नारायण, परशुराम और हयग्रीव का अवतार हुआ था। इसलिए कुछ लोग नर-नारायण, परशुराम एवं हयग्रीव जी के लिए जौ या गेहूँ का सत्तू, कोमल ककड़ी और भीगी चने की दाल का प्रसाद के रूप में भोग लगाते हैं।

अबूझ मुहूर्त की तिथियों में से एक होती है अक्षय तृतीया की तिथि। इस तिथि पर किये गए प्रत्येक शुभ कार्य में सफलता प्राप्त होती है। किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए अक्षय तृतीया के दिन पंचांग देखने की आवश्कता नहीं होती है। इस तिथि में शुभ कार्य करने से कभी भी कार्य निष्फल नहीं होता है। अक्षय तृतीया को सभी तरह के शुभ कार्यों को संपन्न करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठान, गृह प्रवेश, व्यापार, वैवाहिक कार्यक्रम, जप-तप और पूजा-पाठ आदि कार्य करने के लिए अक्षय तृतीया बहुत ही शुभ मानी गई है। यह दिन सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में जाना जाता है। हिन्दुओं के लिए गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है और इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा स्नान करने के बाद श्रीहरि विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। इन्हे जौ या गेहूं का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित करें। ब्राह्मणों को भोजन आदि कराना चाहिए और उनको दान आदि देना चाहिए। ऐसा मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन पितरों की शांति के लिए किया गया पिण्डदान या किसी भी प्रकार के दान से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस दिन ही महाभारत के युद्ध की समाप्ति हुई थी, साथ ही द्वापर युग का समापन भी हुआ था।

अक्षय तृतीया से जुड़ी विशेष बातें

- अक्षय तृतीया तिथि पर ही भगवान परशुराम का जन्म हुआ था।
- मां गंगा का धरती पर आगमन अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर ही हुआ था।
- चारों धामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया के दिन खुलते हैं।
- अक्षय तृतीया पर वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में श्री विग्रह के चरणों के दर्शन होते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत अक्षय तृतीया के दिन हुई थी।
- महाभारत ग्रंथ की रचना का आरम्भ महर्षि वेद व्यास ने अक्षय तृतीया के दिन ही किया था।

अक्षय तृतीया की पूजा विधि

अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु की पूजा इस प्रकार करें -

- अक्षय तृतीया के दिन व्रत करने वाले मनुष्य को प्रातःकाल स्नानादि कार्यों से निवृत होकर पीले वस्त्र धारण करने चाहिए।
- घर के मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु की प्रतिमा पर गंगाजल छिड़कने के बाद तुलसी, पीले फूलों की माला या पीले पुष्प आदि अर्पित करें।
- इसके पश्चात धूप-अगरबत्ती एवं ज्योत प्रज्जवलित करके पीले आसन पर बैठकर विष्णु सहस्त्रनाम या विष्णु चालीसा का पाठ पढ़ने के बाद अंत में विष्णु जी की आरती करनी चाहिए।
- इस दिन भगवान विष्णु के नाम से गरीबों को भोजन कराएं या दान देना अत्यंत फलदायी होता है।

अक्षय तृतीया की पौराणिक कथा

शास्त्रों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण से धर्मराज युधिष्ठिर ने अक्षय तृतीया के महत्व के बारे में जानने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की थी। उस समय भगवान कृष्ण ने उन्हें बताया कि अक्षय तृतीया परम पुण्यमयी तिथि है। इस दिन दोपहर से पहले स्नान, जप, तप, यज्ञ, स्वाध्याय, पितृ-तर्पण, और दान आदि करने वाला मनुष्य अक्षय पुण्यफल का भागी बन जाता है। प्राचीनकाल में एक गरीब सद्ज्ञान और ईश्वर में आस्था रखने वाला वैश्य था। अपनी गरीबी के कारण वे बहुत ही व्याकुल रहता था। उसे किसी ने अक्षय तृतीया का व्रत करने की सलाह दी। इस पर्व के आने पर उस व्यक्ति ने गंगा में स्नान करने के बाद विधिपूर्वक सभी देवी-देवताओं की पूजा की और दान दिया। यही वैश्य अगले जन्म में कुशावती का राजा बना। अक्षय तृतीया पर किये गए दान एवं पूजा के प्रभाव से वह धनवान तथा प्रतापी बना। यह सब अक्षय तृतीया का ही शुभ पुण्य प्रभाव था।

---

24 साल बाद ऐसा होगा जब अक्षय तृतीया पर विवाह नहीं हो सकेंगे?

ग्रहों और नक्षत्रों की दृष्टि से इस साल यानी 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया बहुत शुभ फलदायी होने वाली है. हालांकि 24 साल बाद ऐसा होगा जब अक्षय तृतीया पर विवाह नहीं हो सकेंगे. अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को संगम नगरी प्रयागराज में भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा. ग्रहों और नक्षत्रों के खास संयोग के कारण इस बार की अक्षय तृतीया बेहद फलदायी मानी जा रही है. इस बार की अक्षय तृतीया शुक्रवार के दिन रोहिणी नक्षत्र में पड़ रही है. इसके साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही उच्च अवस्था में रहेंगे. चंद्रमा वृषभ राशि में रहेगा जबकि सूर्य मेष राशि में. इस बार के पर्व के दिन नंदा-भद्रा और जया तिथियों का भी खास संयोग बना रहा है. यह खास संयोग किसी भी काम में विजय दिलाता है. इस बार अबूझ मुहूर्त भी है.

अबूझ मुहूर्त खास फलदायक माना जाता है. यही वजह है कि गुरु और शुक्र के अस्त होने के बावजूद इस बार की अक्षय तृतीया बेहद महत्वपूर्ण और फलदायक है और यह लोगों पर अमृत वर्षा कराएगी. हालांकि चौबीस साल बाद इस बार की अक्षय तृतीया पर शादी विवाह नहीं हो सकेंगे. इस बार की अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व है. श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना समेत किसी भी पवित्र नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अपने सामर्थ्य के मुताबिक दान अवश्य करना चाहिए. अगर कुछ नहीं कर सकते हैं तो कम से कम जल का ही दान करना चाहिए.

इस दिन किया गया पुण्य अक्षय होता है. हालांकि इस पवित्र दिन किसी तरह के गलत काम करने या फिर किसी का दिल दुखाने से जरूर बचना चाहिए, क्योंकि इस दिन किया गया पुण्य अगर अक्षय होता है तो उसी तरह से इस खास मौके पर की गई गलती भी अक्षय ही होती है और उसकी कोई माफी नहीं होती.

गुंजन वार्ष्णेय और आशुतोष वार्ष्णेय के मुतबिक, इस दिन आभूषण खरीदना बेहद शुभ माना जाता है. वैसे तो स्वर्ण आभूषण का ज्यादा महत्व है लेकिन अगर दिक्कत हो तो चांदी या किसी दूसरी धातु के आभूषण भी खरीदे जा सकते हैं.

इस दिन तामसी वस्तुओं की खरीददारी से बचना चाहिए. अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जानी चाहिए. इस बार अक्षय तृतीया पर पूजा व खरीददारी के कई शुभ मुहूर्त है, लेकिन पूरे ही दिन कोई भी शुभ काम किया जा सकता है. इस बार की अक्षय तृतीया गृह प्रवेश और नामकरण के लिहाज से भी बेहद शुभ है. इस बार की अक्षय तृतीया पर की गई पूजा अर्चना और दान पुण्य अनंत फल देने वाला है. इस बार का पर्व सुख समृद्धि साथ लेकर आ रहा है. अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में स्फटिक से निर्मित श्री यंत्र अथवा अष्टधातु का श्री यंत्र, घर, कार्यालय में स्थापित करें तथा अक्षय तृतीया से प्रारम्भ कर रूई में इत्र लगाकर यंत्र पर अर्पण करें. इत्र से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं.

ये कार्य करते हैं इस दिन

- इस दिन अविवाहित लोगों के लिए विवाह का अत्यंत शुभ मुहूर्त होता है।
- इस शुभ मुहूर्त में नूतन गृह प्रवेश, गृह निर्माण, दुकान अथवा प्रतिष्ठान का शुभारंभ कर सकते हैं।
- इस दिन नए आभूषण की खरीदी, नए व्यापार का आरंभ करना भी लाभदायी होता हैं।
- अक्षय तृतीया के दिन तीर्थ स्नान तथा पितृ तर्पण का विशेष महत्व है। अतः इस दिन यह कार्य अवश्य करें।
- इस दिन अविवाहित लोगों के लिए विवाह का अत्यंत शुभ मुहूर्त होता है। इस शुभ मुहूर्त में नूतन गृह प्रवेश, गृह निर्माण, दुकान अथवा प्रतिष्ठान का शुभारंभ कर सकते हैं। इस दिन नए आभूषण की खरीदी, नए व्यापार का आरंभ करना भी लाभदायी होता हैं। अक्षय तृतीया के दिन तीर्थ स्नान तथा पितृ तर्पण का विशेष महत्व है। अतः इस दिन यह कार्य अवश्य करें।

दुर्लभ योगों में अक्षय तृतीया जानिए इसकी तिथि, महत्व और खरीदारी का शुभ संयोग

इस बार अक्षय तृतीया तिथि पर एक साथ सूर्य बुध और शुक्र की युति हो रही है। साथ में राहु और मंगल का अशुभ योग भी है। ग्रह योग राष्ट्रीय धन संपदा के पक्ष से कुछ कष्टकारी बन रहा है। साथ ही शुक्र और गुरु दोनों के अस्त होने से विवाह संबंधी कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा।

अक्षय तृतीया कई कारणों से वर्ष का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी व अन्य कीमती धातुएं खरीदना शुभकारी माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया से ही सतयुग और त्रेतायुग आरंभ हुए। इसी दिन भगवान विष्णु ने नर-नारायण रूप में अवतार लिया। साथ ही विष्णु जी के अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी इसी दिन मनाया जाता है। इस वर्ष अक्षय तृतीय 10 मई को है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होकर शुभ परिणाम देते हैं। दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय होता है। इस दिन किया निवेश कभी कम नहीं होगा और उसमें स्थायी समृद्धि आएगी। इस वर्ष अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार 10 मई को सुबह 4.17 बजे आरंभ होकर 11 मई को सुबह 2.50 बजे समापन होगा। उदिया तिथि के कारण अक्षय तृतीया 10 मई को मनाना शुभकारी है।

मिला-जुला रहेगा प्रभाव

अक्षय तृतीया के दिन शुभ चौघड़िया सुबह 9.00 से 10.36 बजे तक, दूसरा मुहूर्त दोपहर 12.15 से 1.54 बजे तक और रात्रि पूजा रात्रि 9.30 से 10.30 बजे तक रहेगा। खरीदारी के लिए उपरोक्त समय शुभ है। इस बार अक्षय तृतीया तिथि पर एक साथ सूर्य, बुध और शुक्र की युति हो रही है। साथ में राहु और मंगल का अशुभ योग भी है। ग्रह योग राष्ट्रीय धन संपदा के पक्ष से कुछ कष्टकारी बन रहा है। साथ ही शुक्र और गुरु दोनों के अस्त होने से विवाह संबंधी कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा।

ऐसे मनाएं पर्व

अक्षय तृतीया पर सोना, चांदी व अन्य कीमती धातुएं खरीदते हैं। पहले तांबे के बर्तन, कौड़ी, रूई, सेंधा नमक, घड़ा, जौ, पीली सरसों आदि भी खरीदते व दान करते थे। मान्यता है कि इस दिन कुबेर को भगवान शिव और ब्रह्मा जी ने आशीर्वाद दिया था और उन्हें स्वर्ग की संपत्ति का रक्षक बनाया था। मंदिरों में जाकर, गरीबों को भोजन कराना व दान करना, गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए मदद करना आदि शुभ माना जाता है।

अक्षय तृतीया के दिन मांस, शराब, तामसिक वस्तुएं ग्रहण न करें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज होती हैं। वर्ष 2024 में विवाह व अन्य शुभ कार्य जैसे गृह प्रवेश, सगाई समारोह अक्षय तृतीय पर नहीं होंगे, क्योंकि बृहस्पति और शुक्र अस्त हैं और इसलिए ऐसे कार्य निषिद्ध रहेंगे।

कैसे करें अक्षय तृतीया व्रत!

वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया कहते हैं। चूँकि इस दिन किया हुआ जप, तप, ज्ञान तथा दान अक्षय फल देने वाला होता है अतः इसे अक्षय तृतीया कहते हैं। यदि यह व्रत सोमवार तथा रोहिणी नक्षत्र में आए तो महाफलदायक माना जाता है। यदि तृतीया मध्याह्न से पहले शुरू होकर प्रदोष काल तक रहे तो श्रेष्ठ मानी जाती है। इस दिन जो भी शुभ कार्य किए जाते हैं, उनका बड़ा ही श्रेष्ठ फल मिलता है। यह व्रत दानप्रधान है। इस दिन अधिकाधिक दान देने का बड़ा माहात्म्य है। इसी दिन से सतयुग का आरंभ होता है इसलिए इसे युगादि तृतीया भी कहते हैं।

- व्रत के दिन ब्रह्म मुहूर्त में सोकर उठें।
- घर की सफाई व नित्य कर्म से निवृत्त होकर पवित्र या शुद्ध जल से स्नान करें।
- घर में ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

निम्न मंत्र से संकल्प करें -

ममाखिलपापक्षयपूर्वक सकल
शुभ फल प्राप्तये
भगवत्प्रीतिकामनया
देवत्रयपूजनमहं करिष्ये।

संकल्प करके भगवान विष्णु को पंचामृत से स्नान कराएं। षोडशोपचार विधि से भगवान विष्णु का पूजन करें। भगवान विष्णु को सुगंधित पुष्पमाला पहनाएं। नैवेद्य में जौ या गेहूं का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पण करें। अगर हो सके तो विष्णु सहस्त्रनाम का जप करें। अंत में तुलसी जल चढ़ाकर भक्तिपूर्वक आरती करनी चाहिए। इसके पश्चात उपवास रहें।

मुनाफा घटा, लागत बढ़ी... इजरायल-हमास युद्ध ने भारतीय फार्मा सेक्टर को रुला दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल-हमास के बीच जारी संघर्ष भारतीय फार्मा कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इसके कारण इन कंपनियों का प्रॉफिट घटा है और लागत बढ़ी है। आप पूछेंगे यह कैसे दरअसल, इसकी वजह है लाल सागर। लाल सागर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग है। यह एशिया और यूरोप को जोड़ता है। ऐतिहासिक रूप से यह शिपिंग कंपनियों के लिए इन दो स्थानों के बीच माल और माल परिवहन का पसंदीदा रूट रहा है।

हालांकि, पिछले साल यमन के विद्रोही समूह हूतियों के कारण इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने लगा। हूती विद्रोहियों ने शिपिंग मार्गों को बाधित करना और जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसका मकसद इजरायल और उसके समर्थकों से जुड़े व्यापार को नुकसान पहुंचाना था। इजरायल को गाजा से वापस बुलाने की मंशा के साथ ऐसा किया गया। हूतियों ने क्षेत्र से गुजरने वाले लगभग हर जहाज को धमकाना शुरू कर दिया। इससे शिपिंग कंपनियां इस मार्ग से पूरी तरह से बचने लगीं।

नतीजा यह है कि कंपनियों को केप ऑफ गुड होप से होकर गुजरने के लिए अपना रूट बदलना पड़ा है। इसके कारण शिपिंग समय में 15-20 दिन का अतिरिक्त समय लगता है। लागत में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। बढ़ते जोखिम को ध्यान में रखते हुए बीमा प्रीमियम में भी धीरे-धीरे इजाफा हुआ है। इसका असर व्यवसायों और उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। इसकी आशंका पहले से थी।

दवा कंपनियों को लग रही चपत- भारतीय फार्मा सेक्टर को इसकी तगड़ी मार पड़ी है। दवा कंपनी ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज का उदाहरण लेते हैं। बीते महीने कंपनी ने चौथी तिमाही में मुनाफे में कमी दर्ज की है। इसमें ज्यादातर कमी बाहरी एपीआई बिजनेस के कारण हुई। एपीआइ का मतलब है एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट। भारत को इस क्षेत्र में लीडर माना जाता है। भारतीय कंपनियां आंतरिक रूप से एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट का उत्पादन करती हैं। उसे यूरोपीय देशों और अमेरिका को निर्यात करती हैं। इन एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट का उपयोग बाद में दवाओं या औषधियों की मैन्यूफैक्चरिंग में किया जाता है। यह एक फायदेमंद बिजनेस है।

क्या हो गया है बदलाव- लाल सागर में विद्रोही हमलों के कारण अब पहले के शिपिंग मार्गों का इस्तेमाल करना मुमकिन नहीं है। जो यात्रा लगभग 11,000 किलोमीटर हुआ करती थी, वह अब लगभग 20,000 किलोमीटर तक बढ़ गई है। ऐसे में अगर भारत में दवा कंपनियों के पास अमेरिका और यूरोप के संगठनों के साथ मौजूदा दीर्घकालिक समझौते हैं तो उन्हें बढ़े हुए खर्च और देरी का असर महसूस होगा। हालांकि, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है। कुछ्र क्क्ष्ठ टेम्परेचर सेंसिटिव हैं। उन्हें देरी से परिवहन करना संभव नहीं है। नतीजतन, यह मांग तेजी से कम हो सकती है। इसका असर भारत और अमेरिका दोनों में दवा कंपनियों पर पड़ सकता है।

वैसे, यह केवल दवा उद्योग तक ही सीमित नहीं है। कपड़ा, वाहन निर्माता और उर्वरक कंपनियों को भी ऐसी ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसका प्रभाव सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

संक्षिप्त समाचार

मुकेश अंबानी की रिलायंस से तीन गुना पहुंच गया सरकारी कंपनियों का मार्केट कैप

नई दिल्ली, एजेंसी। हाल के दिनों में सरकारी कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी देखने को मिली है। इससे लिस्टेड कंपनियों में शेयरों की वैल्यू के हिसाब से सरकार की हिस्सेदारी 31 मार्च तक के कुल बाजार पूंजीकरण का 10.38 प्रतिशत पहुंच गई है। यह इसका सात साल के उच्च स्तर है। यह वैल्यू जून 2009 में लिस्टेड के कुल मार्केट कैप के 22 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। लेकिन सितंबर 2020 में यह 5.1 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसके बाद से यह वैल्यू दोगुनी हो गई है। 31 मार्च को समाप्त तीन वर्षों में लिस्टेड सरकारी कंपनियों के मार्केट कैप में लगभग 43 लाख करोड़ की तेजी आई है। इसके साथ ही उनका मार्केट कैप 61.22 लाख करोड़ पहुंच गया। यह देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा है। रिलायंस का मार्केट कैप अभी 1,892,082.69 करोड़ रुपये है।

आंकड़ों में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक पिछले तीन साल में छह सरकारी कंपनियों की लिस्टिंग से सरकारी कंपनियों के मार्केट कैप में 6.4 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी जैसी कंपनियों की लिस्टिंग हुई। निफ्टी पीएसई इंडेक्स और निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में तीन साल में क्रमशः 326 प्रतिशत और 493 प्रतिशत की तेजी आई है जबकि निफ्टी ने 142 प्रतिशत रिटर्न दिया है। एक्सिस एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ आशीष गुप्ता ने कहा कि पीएसयू की रीरेटिंग की वजह है।

डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से टेक्नोलॉजी पर 10 फीसदी खर्च बढ़ाएंगे आधा दर्जन बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी। डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से बैंक अब परिचालन खर्च का 10 फीसदी हिस्सा टेक्नोलॉजी पर खर्च कर सकते हैं। आधे दर्जन बैंक अच्छी सुविधा देने के लिए खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। टेक्नोलॉजी में दिक्कत से आरबीआई ने कई बैंकों पर जुर्माना लगाया है।

बैंक पहले टेक्नोलॉजी पर कुल परिचालन खर्च का 6 से 8 फीसदी के बीच खर्च कर रहे थे। यह वैश्विक औसत 10 से 12 फीसदी की तुलना में आधा ही है। पांच बैंकरों ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को तकनीक से संबंधित गड़बड़ियों को कम करने का निर्देश दिया है। गार्टनर का अनुमान है कि भारत की बैंकिंग और निवेश सेवा फर्मों ने 2023 में प्रौद्योगिकी पर 11.3 अरब डॉलर खर्च किया है। अधिकांश बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणालियां पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए वे यह आकलन कर रहे हैं कि क्या प्रणालियाँ डिजिटल गतिविधि में वृद्धि को संभाल सकती हैं।

प्याज-टमाटर और आलू की कीमत बढ़ी, अप्रैल में शाकाहारी थाली 8 प्रतिशत महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्याज, टमाटर व आलू के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली 8 फीसदी महंगी हो गई है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 25.40 रुपये थी। इस साल मार्च में 27.3 रुपये रही थी।

क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की तुलना में इस साल अप्रैल में प्याज का भाव 41 फीसदी, टमाटर का 40 फीसदी और आलू का 38 फीसदी बढ़ गया। रबी की फसल खराब होने से प्याज की आवक कम हो गई, जिससे दाम बढ़ गए। पश्चिम बंगाल में भी आलू की फसल खराब हो गई। सब्जियों की कीमत 28 फीसदी बढ़ी है।

विदेश से पैसा भेजने के मामले में सबसे आगे भारतीय, इतने भेजे कि बन गया नया रेकॉर्ड

नईदिल्ली, एजेंसी। विदेश से पैसा भेजने के मामले में भारतीयों ने नया रेकॉर्ड बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने कहा कि भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में 111 अरब डॉलर मिले। यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है। भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं। इनमें से यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार को जारी अपनी वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं।

रेमिटेंस का मतलब प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को भेजे गए पैसों से है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में भारत सबसे ऊपर ऊपर रहा। उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में रेमिटेंस के मामले में दूसरे नंबर पर रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी रेमिटेंस के मामले में टॉप पर रहा। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला। दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे। पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमश॰ करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। पाकिस्तान छठे और बांग्लादेश आठवें नंबर पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल हैं। कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है।

बैंक ऑफ बड़ौदा को सात महीने बाद मिली बड़ी राहत, अब शेयर बनेगा रॉकेट!

Bank of Baroda

नई दिल्ली, एजेंसी। गवर्नमेंट सेक्टर के बैंक ऑफ बड़ौदा को बड़ी राहत मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा को करीब सात महीने बाद 'बॉब वर्ल्ड' एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दे दी। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को उसके मोबाइल ऐप 'बॉब वर्ल्ड' के जरिये नए ग्राहक जोड़ने से 10 अक्टूबर, 2023 को रोक दिया था। यह कदम कुछ सुपरवाइजरी चिंताओं के बाद उठाया गया था। पिछले सप्ताह आरबीआई ने ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये कर्ज देने पर बजाज फाइनेंस पर भी प्रतिबंध हटा दिया था। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, 'हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 के अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है। बैंक अब लागू दिशानिर्देशों और मौजूदा कानूनों या विनियमों के अनुरूप इस ऐप के जरिये ग्राहकों को जोड़ने के लिए स्वतंत्र है।

टाटा पावर लिमिटेड के शेयर को बेचकर निकल रहे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। मार्च तिमाही के नतीजे के बाद टाटा की कंपनी- टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के शेयरों में सुस्ती आ गई है। गुरुवार को ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर 3 प्रतिशत टूट गया और भाव 419.55 रुपये पर आ गया। इस बीच, ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि उसे अगले 12 महीनों में शेयर में 45 प्रतिशत तक की गिरावट की आशंका है। ब्रोकरेज ने टाटा पावर शेयर पर सेल रेटिंग दी है और प्रति शेयर 240 का टारगेट प्राइस रखा है। बता दें कि पिछले छह महीनों में स्टॉक में 75 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

सीएलएसए का टारगेट प्राइस- एक अन्य ब्रोकिंग फर्म सीएलएसए ने भी टाटा पावर को 297 प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ बेचने की सिफारिश की है। सीएलएसए ने कहा कि यह शेयर वित्त वर्ष 2025 के कमाई अनुमान से 35 गुना महंगा है। सीएलएसए ने कहा कि कंपनी के नतीजों की गुणवत्ता चुनौतीपूर्ण बनी हुई है, जिसमें एकमुश्त डिविडेंड टैक्स के बाद प्रॉफिट का सपोर्ट करता है।

टाटा पावर पर कवरेज करने वाले 21 विश्लेषकों में से आठ ने खरीदें रेटिंग दी है। वहीं, तीन ने होल्ड करने की सलाह दी है। इसके अलावा अन्य 10 विश्लेषकों ने शेयर बेचने की सलाह दी है। विश्लेषकों के बीच आम सहमति यह बताती है कि शेयर मौजूदा स्तर से 20 प्रतिशत गिर सकता है। टाटा समूह की कंपनी ने मार्च तिमाही में प्रॉफिट में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की, जो 1046 करोड़ रुपये रहा। वहीं, पिछले साल की समान तिमाही में यह 939 करोड़ रुपये था। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में कंपनी का राजस्व 27 प्रतिशत बढ़कर 15,846.50 करोड़ रुपये हो गया।

जेपी मॉर्गन के इंडेक्स में शामिल होंगे भारतीय बॉन्ड, प्राइवेट क्रेडिट बाजार को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी। जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने से देश के प्राइवेट क्रेडिट बाजारों को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि निवेश के लिए बेंचमार्क प्रदान करके भारत ज्यादा फंड के फ्लो का आकर्षित कर सकता है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में बीपीईए क्रेडिट ने यह अनुमान जताया है।

भारतीय क्रेडिट फंड के प्रदर्शन की तुलना करना होगा आसान- बीपीईए क्रेडिट के प्रमुख ने कहा, यह समावेश देश के 1.2 ट्रिलियन डॉलर के सरकारी ऋण बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें अन्य परिसंपत्ति वर्गों पर भी प्रभाव पड़ेगा। एक बार 28 जून को परिवर्तन प्रभावी हो जाएगा, तो सिंगापुर, कोरिया या अमेरिका में निवेश के साथ भारतीय क्रेडिट फंड के प्रदर्शन की तुलना करना आसान हो जाएगा।

बीपीईए क्रेडिट का भारत में 1 अरब से ज्यादा का निवेश- कंचन जैन ने बताया, यह उन विदेशी निवेशकों के लिए एक संदर्भ बिंदु देता है जो सॉवरेन और कॉरपोरेट बॉन्ड और अन्य परिसंपत्ति वर्गों दोनों को देखते हैं। जैन ने कहा, 2011 में स्थापित, बीपीईए क्रेडिट ने भारत में 1 अरब से ज्यादा का निवेश किया है। निवेशकों ने पहले ही इंडेक्स में शामिल होने के योग्य सॉवरेन बॉन्डों में अरबों डॉलर का निवेश कर दिया है, जिससे कॉर्पोरेट नोटों पर यील्ड कम करने में मदद मिली है।

भारत में बढ़ेगा फंड का फ्लो- इसका गैर-बैंक ऋण के तेजी से बढ़ते बाजार पर प्रभाव पड़ता है। हालांकि यह अभी भी 1.7 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजार का एक अंश है, लेकिन देश प्राइवेट लोन के लिए एशिया में एक हॉटस्पॉट है, जो आम तौर पर उन कंपनियों को आकर्षित करता है जिनके क्रेडिट मेट्रिक्स उन्हें बैंक लोन के लिए अयोग्य बनाते हैं। जैन ने कहा, आखिरकार, इससे अधिक पारदर्शिता आएगी और भारत की निश्चित आय में फंड का फ्लो बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गिरावट भरे बाजार में फर्राटा भर रहा ऑटो स्टॉक

नई दिल्ली, एजेंसी। गिरावट भरे बाजार में हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में मजबूत बढ़त देखी जा रही है। इस तेजी के पीछे उसके चौथी तीमाही के नतीजे हैं। आज हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 4624.35 के पिछले बंद स्तर के मुकाबले 4631.90 पर खुले और जल्द ही बीएसई पर 6.4 प्रतिशत बढ़कर 4,919.85 के स्तर पर पहुंच गए। सुबह लगभग 11 बजे, हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 4.05 प्रतिशत बढ़कर 4,811.55 पर कारोबार कर रहे थे। जबकि, सेंसेक्स 514 अंक टूटकर 72952 के लेवल पर था।

हीरो मोटोकॉर्प के कैसे रहे नतीजे- हीरो मोटोकॉर्प ने अपने स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में साल-दर-साल आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,016 करोड़ जोड़े। जबकि, एक साल पहले की अवधि में इसका मुनाफा 858.93 करोड़ था। चौथी तिमाही के दौरान परिचालन से स्टैंडअलोन रेवेन्यू 14 प्रतिशत बढ़कर 9,519 करोड़ हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 8,306.78 करोड़ था।

चौथी तीमाही में हीरो मोटोकार्प ने 13.92 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 12.70 लाख यूनिट बेचे गए। पूरे वित्तीय वर्ष 2024 के लिए बेची गई कुल यूनिट्स वित्त वर्ष 23 में 53.29 लाख इकाइयों से बढ़कर 56.21 लाख तक पहुंच गईं।



हीरो मोटोकॉर्प का टार्गेट प्राइस- ब्रोक्रेज फर्म नुवामा ने 5,800 के लक्ष्य मूल्य के साथ स्टॉक को खरीदने की सलाह दी है। यानी इस स्टॉक में 25 प्रतिशत तेजी की संभावना है। दूसरी ओर ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने 5,320 के टार्गेट के साथ स्टॉक पर खरीदारी की सलाह दी है, जिससे 15 फीसदी तेजी की संभावना है।

पिछले वर्ष की तुलना में हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में लगभग 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि इसी अवधि में बीएसई ऑटो इंडेक्स में 64 प्रतिशत और इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स में 19 प्रतिशत चढ़ा है। इस साल 12 फरवरी को बीएसई पर हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 52-सप्ताह के हाई 4,979.95 रुपये पर थे। स्टॉक का 52-सप्ताह का निचला स्तर 2,572.15 है, जो इसने पिछले साल 10 मई को बीएसई पर छुआ था।

पिछले 5 दिन में इसमें 6 फीसद से अधिक की बढ़त है। जबकि, छह महीने में 51 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। इस साल इसमें 17 फीसद और पिछले एक साल में 85 फीसद की उछाल दर्ज की है।

हीरो मोटोकॉर्प को लेकर क्या करना चाहिए- चौथी तिमाही के नतीजों के बाद ब्रोकरेज फर्मों की स्टॉक को लेकर मिली-जुली राय है। कुछ लोगों ने बताया कि कंपनी को ग्रामीण रिकवरी से फायदा हो सकता है, जबकि नए लॉन्च से वॉल्यूम ग्रोथ में भी मदद मिलेगी। मोतीलाल ओसवाल को उम्मीद है कि 125ष्ठ, स्कूटर और प्रीमियम सेगमेंट में नए लॉन्च और निर्यात में तेजी के कारण हीरो मोटोकॉर्प स्न्ङ्ख24-26श्च में 9 प्रतिशत का वॉल्यूम ष्ट्तक्र देगा। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने स्टॉक को बेचने की सलाह बरकरार रखी है, लेकिन उचित मूल्य को पहले के 3,675 से संशोधित करके 3,950 कर दिया है।

सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की बड़ी छलांग, जापान को पछाड़कर तीसरे नंबर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर के साथ भारत बीते साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। 'ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक रुख के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया।

एंबर के एशिया कार्यक्रम के निदेशक आदित्य लोला ने कहा, ''हरित बिजली क्षमता बढ़ाना सिर्फ बिजली क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और आर्थिक वृद्धि को उत्सर्जन से अलग करने के लिए भी इसकी आवश्यकता है...। रिपोर्ट के अनुसार, सौर ऊर्जा ने लगातार 19वें वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली स्रोत के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखा है। बीते वर्ष दुनियाभर में कोयले की तुलना में इस स्वच्छ ऊर्जा स्रोत से दोगुने से अधिक बिजली जोड़ी गई। भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी। भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही। एंबर ने कहा कि 2023 में वैश्विक सौर उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 2015 में 0.5 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया।

टी-20 विश्वकप टीम में नहीं चुने गए केएल राहुल

फैन्स बोले- थैंक्यू अगरकर

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में बुधवार का दिन लखनऊ सुपर जायंट्स और उसके कप्तान केएल राहुल के लिए काफी निराशाभर था. एक तो उनकी टीम यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 10 विकेट से हार गई. इसके अलावा राहुल ने धीमी पारी खेली, जिससे उनसे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठ रहे हैं. इस ऑल फॉर्मेट खिलाड़ी ने हैदराबाद के खिलाफ 33 बॉल में सिर्फ 29 रन बनाए और वह यहां सिर्फ 1 चौका और 1 छक्का ही जड़ पाए, जबकि वह ओपनिंग पर उतरे थे और पावरप्ले की

पहली गेंद से बैटिंग पर मौजूद थे. टीम की शर्मनाक हार के बाद राहुल को टीम के मालिक संजीव गोयनका से खरी-खरी भी सुनने को भी मिली. अब सोशल मीडिया भी फैन्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं. राहुल को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है और अब उनकी इस धीमी पारी के बाद फैन्स भारतीय टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को इस फैसले के लिए थैंक्य बोल रहे हैं. राहुल ने इस पारी में 87.88 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की, जबकि उनकी टीम पर रन रेट बढ़ाने का लगातार दबाव बन रहा था. वह 10वें ओवर की अंतिम बॉल पर तीसरे विकेट के तौर पर आउट हुए और तब एलएसजीका स्कोर सिर्फ 57 रन था.

मोंटी पनेसर ने चुनावों से नामांकन लिया वापस

समझदारी भरी है वजह

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने यकायक अपनी राजनीतिक पारी का एक सप्ताह के भीतर ही अंत कर दिया है. पिछले सप्ताह इस क्रिकेटर ने जॉर्ज गैलोवे की वर्कर्स पार्टी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के लिए संसदीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा था. लेकिन राजनीति की चुनौतियों को समझते हुए उन्होंने नामांकन वापस लेने का फैसला किया और कहा कि राजनीति में ये दिन

अभी सीखने के हैं और फिलहाल मैं यह सीख रहा हूं कि राजनीति कैसे लोगों की मदद कर सकती है. 42 वर्षीय पनेसर को पिछले सप्ताह वेस्टमिंस्टर में काफी धूमधाम के बीच गैलोवे ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पेश किया था. बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर को अगले आम चुनाव में पश्चिम लंदन की ईलिंग साउथॉल सीट से चुनाव लड़ना था. हालांकि पनेसर ने मीडिया में चुनौतीपूर्ण इंटरव्यू की सीरीज के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया, जिनमें से एक में उन्हें ब्रिटेन की नाटो की सदस्यता पर राय देने के लिए संघर्ष करना पड़ा था. पनेसर ने एक्स पर लिखा, 'मैं एक गौरवांवित ब्रिटिश नागरिक हूं, जिसे क्रिकेट के टॉप लेवल पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला है.'

ईएफए चैंपियंस लीग

रियल मैड्रिड फाइनल में

सेमीफाइनल के दूसरे लेग में म्यूनिख को 2-1 से हराया, 1 जून को डॉर्टमंड से भिड़ंत

नईदिल्ली, एजेंसी। रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख को 4-3 से हरा कर श्वस्न चैंपियंस लीग के फाइनल में प्रवेश किया। रियल मैड्रिड यूएफा चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने 9 मई को सेमीफाइनल के दूसरे लेग में बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराया। इस तरह दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड ने 4-3 से फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल के पहले लेग में दोनों टीमों ने 2-2 गोल किया था। 14 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड का सामना फाइनल में शनिवार 1 जून को वेम्बली में डॉर्टमंड से होगा। रियल मैड्रिड के लिए दोनों गोल जोसेलु (जोस लुइस माटो) ने किया। वहीं म्यूनिख के लिए एक मात्र गोल डेविस ने किया।

- **बायर्न म्यूनिख के डेविस ने किया पहला गोल-** दोनों टीमें हाफ टाइम तक बराबरी पर थीं। मैच के 68वें मिनट में म्यूनिख के डेविस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी और फाइनल के लिए राह आसान कर दिया। उन्होंने सेंटर सर्कल में साथी खिलाड़ी केन के बायीं ओर से दिए पास को गोल में तब्दील कर टीम को मैच में आगे कर दिया।
- **जोसेलु के गोल कर लेकर रहा विवाद-** वहीं मैच के 88 वें मिनट में जोसेलु ने एंटोनियो रुडिगर के पास को गोल में तब्दील कर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। जोसेलु के इस गोल को लेकर विवाद रहा। शुरुआत में गोल को ऑफ साइड करार दिया गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी ने गोल को सही करार दिया। वहीं उन्होंने टीम के लिए दूसरा गोल 91वें मिनट में किया और इस तरह रियल मैड्रिड इस मैच में म्यूनिख से 2-1 से आगे हो गया।
- **पहले लेग में स्कोर बराबरी पर था-** वहीं पहले लेग के खेले गए सेमीफाइनल में दोनों टीमें ने 2-2 गोल किए थे। यह मैच 2-2 की बराबरी पर था। ऐसे में दोनों लेग को मिला कर रियल मैड्रिड के चार गोल हो गए, जबकि बायर्न म्यूनिख के 3 गोल रहा।
- **कैसे दो लेग में होते है मुकाबले-** राउंड ऑफ 16 से लेकर सेमीफाइनल तक के मुकाबले 2 लेग में खेले जाते हैं। एक-एक मैच दोनों क्लबों के घर में होते है। दोनों लेग में कुल मिला कर ज्यादा गोल करने वाली टीम को विजयी घोषित किया जाता है।

हार्दिक पंड्या की ऊपर शिकायत

सीनियर प्लेयर्स ने उठाए सवाल मिट्टी में मिल गई मुंबई इंडियंस की इज्जत

नईदिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से बाहर होने वाली पहली टीम बन चुकी है। पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला बैकफायर कर गया। अब मुंबई खेमे से जो खबर आ रही है वो फैंस के लिए परेशान करने वाली है।

पता चला है कि मुंबई इंडियंस के सीनियर सदस्यों ने कप्तान हार्दिक पंड्या की लीडरशिप में टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने कोचिंग स्टाफ को बताया कि ड्रेसिंग रूम में संवाद की कमी थी और इसका कारण हार्दिक का कप्तानी का स्टाइल था।

इन प्लेयर्स ने की शिकायत

इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के अनुसार जानकार लोगों ने बताया कि खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ एक मैच के बाद मिले थे। बैठक का हिस्सा बनने वाले भारतीय सितारों में एमआई के पुराने खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह शामिल थे। लंच के दौरान, उन्होंने अपने विचार रखे और टीम के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारणों की ओर इशारा किया।

तिलक वर्मा केस का जिक्र

हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स से हार के बाद मैच जागरूकता की कमी के लिए टीम के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा पर उंगली उठाई थी। पंड्या ने कहा था, जब अक्षर पटेल गेंदबाजी कर रहे थे तो तिलक को उन्हें निशाने पर लेना था। मुझे लगता है कि यह बस खेल के प्रति थोड़ी जागरूकता थी, जिसे हम चूक गए।

हार्दिक को मैनेजमेंट का साथ- दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने कहा कि यह लीडरशिप का संकट नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत है कि जो टीम पिछले 10 साल से रोहित की कप्तानी की आदी थी, वह अभी भी नेतृत्व परिवर्तन के साथ तालमेल बिठा रही है। उन्होंने कहा, नेतृत्व परिवर्तन का सामना करने वाली टीम के लिए ये नियमित शुरुआती समस्याएं हैं।

दो गुट में बंटी मुंबई इंडियंस?

क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने भी मुंबई इंडियंस में इस सीजन चल रही गड़बड़ी इस सीजन में एमआई के बारे में कुछ गड़बड़ है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने तो यहां तक कह दिया कि फ्रेंचाइजी गुटों में बंटी हुई नजर आ रही है। क्लार्क की माने तो, मुझे लगता है कि उस चेंजिंग रूम के अंदर अलग-अलग समूह हैं और कुछ काम नहीं कर रहा है। वे एक साथ मेल नहीं खा रहे हैं, वे एक टीम के रूप में नहीं खेल रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बयां किया दिल का हाल

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने क्वालिफाई कर लिया। रूपल चौधरी, ज्योतिका दांडी श्री, प्राची और पुरुषों में राजीव अरोकिया ने क्वालिफाई कर लिया। इन चारों ने बहामास के नासाउ में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी-अपनी क्वालिफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) में दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक में जगह बनाई।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने क्वालिफाई कर लिया। रूपल चौधरी, ज्योतिका दांडी श्री, प्राची और पुरुषों में राजीव अरोकिया ने क्वालिफाई कर लिया। इन चारों ने बहामास के नासाउ में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी-अपनी क्वालिफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) में दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक में जगह बनाई। रूपल चौधरी ने कहा, ÷ओलंपिक में क्वालीफाई करना एक शानदार एहसास है, हम सभी को बहुत गर्व है। शुरुआत में (क्वालीफायर की) मैं काफी घबराई हुई थी लेकिन सब कुछ ठीक रहा। अब हमारा ध्यान ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

ज्योतिका श्री दांडी ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैं टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। प्राची ने कहा,

हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, हम बहुत खुश हैं। मैं सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को धन्यवाद देना चाहती हूं। स्थिति के अनुकूल ढलने के लिए हमें एक महीने पहले बहामास ले जाया जा रहा है क्योंकि समय में 8-9 घंटे का अंतर है।

राजीव अरोकिया ने कहा, ÷हम सभी बहुत खुश हैं। हमें आगे कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। हम (क्वालीफायर में) अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं लेकिन हमें अपनी टाइमिंग में सुधार करना होगा। हम ओलंपिक में पदक सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

टी-20 मैच में सिर्फ 12 रन पर ढेर हुई ये टीम

7 बल्लेबाजों का खाता तक नहीं खुला, फिर भी वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं टूटा

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2024 में जहां एक ओर लगभग हर मैच में 200 प्लस का स्कोर बन रहा है तो दूसरी ओर इंटरनेशनल क्रिकेट में बुधवार को एक अजीबोगरीब चमत्कार देखने को मिला. टी20 इंटरनेशनल मैच में मंगोलिया की टीम सिर्फ 12 रनों पर ढेर हो गई. ये वही टीम है, जिसने सात महीने पहले ही एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था. मंगोलिया का ये स्कोर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट का दूसरा न्यूनतम स्कोर है.

जापान के कांटो स्थित सानो में खेले गए मुकाबले में जापान ने 7 विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर बना दिया और फिर 8.2 ओवर में ही मंगोलिया की टीम को 12 रन पर समेट दिया. मंगोलिया के मात्र 12 रन पर सिमटने के बाद भी वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम है क्योंकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी.

ओलिंपिक पेरिस मशाल भारी सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची

मार्सेली (फ्रांस), एजेंसी। भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलिंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की जाएगी। पेरिस ओलिंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है, जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्जवलित की गई थी, जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम करतब दिखाएगी।

बिग क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ

क्रिकेट की दुनिया के नए रोमांचक मुकाम की शुरुआत

नोएडा, एजेंसी। बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) ने बुधवार को अपनी धमाकेदार शुरुआत की। आधिकारिक उद्घाटन में एक ऐसी लीग का अनावरण किया गया जो भारत में क्रिकेट को ग्रास रूट स्तर एक रोमांचक रूप देने के प्रयास करेगी। यह लीग महत्वाकांक्षी लोकल खिलाड़ियों को अपने प्रिय क्रिकेट सितारों के साथ खेलने का अवसर प्रदान करेगी। यह बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, रुद्र प्रताप सिंह का विजन है, जो स्वयं भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। सिंह ने बताया हमने बहुत से प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को देखा जिनके सपने कई वजहों और हालातों के कारण से पूरे नहीं हो पाते हैं, बीसीएल इन सभी महत्वाकांक्षी लोकल क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने क्रिकेट हीरोज़ के साथ क्रिकेट खेलने के अभूतपूर्व अनुभव का अवसर देगा।

OFFICIAL LAUNCH

महान क्रिकेट हस्तियों दिलीप वेंगसरकर, लीग कमिश्नर और कर्टनी वाल्श, उपाध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आर पी सिंह के उत्साह और दृष्टिकोण का समर्थन किया।पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज़ वेंगसरकर ने कहा, यह सिर्फ एक और क्रिकेट लीग नहीं है, बल्कि देश के तमाम उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के बारे में है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके नहीं मिले और भारत में क्रिकेट प्रतिभा के अविश्वसनीय खजाने को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के बारे में है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का मेल ही बीसीएल को अन्य क्रिकेट लीग्स से अलग करता है। यह अपने शुद्धतम रूप में क्रिकेट का उत्सव है।बीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट, वेस्टइंडीज़ के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज़ कर्टनी वॉल्श ने भी कहा, हम कुछ बेहतरीन मैच देखेंगे, अप्रत्याशित नायकों को उभरता देखेंगे, जो दुनिया भर के खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा देंगे।रुद्र प्रताप सिंह, बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, ने भी इन भावनाओं को दोहराते हुए कहा, बीसीएल केवल क्रिकेट से अधिक है, भारतीय क्रिकेट में एक अलग तरह की पहल है। हम सभी को इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।अनिरुद्ध चौहान, जो बीसीएल के सह-संस्थापक और सीईओ हैं, ने कहा, हमने बिग क्रिकेट लीग सीज़न-1 के चयन के दौरान देश भर में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं देखी हैं। हमें विश्वास है कि इस खेल के बारे में बढ़ती जागरूकता के कारण आने वाले वर्षों में हर सीज़न के साथ प्रतिभाओं की गुणवत्ता और बेहतर होती रहेगी।उद्घाटन सत्र में छह शानदार टीमें - अवध लायंस, मुंबई मरीन्स, राजस्थान किंग्स, सदर्न स्पार्टन्स, बंगाल राइनोस और नॉर्दर्न चैलेंजर्स - आमने-सामने होंगी।

सीरियल किलर के रोल में इन हसीनाओं ने दिखाया अपना रौद्र रूप, कांप गई लोगों की रूह

सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।

आज उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जिनमें बॉलीवुड की अभिनेत्रयों ने नेगेटिव किरदार निभाया है। बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म कौन में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।

फिल्म गुप्त में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म गुप्त सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।

← फिल्म कुछ तो है में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई फिल्म कुछ तो है. का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार साल 1997 में आई अमेरिकी डरावनी फिल्म नो व्हाट यू डिड लास्ट समर की हिंदी रीमेक है।

18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म 7 खून माफ में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह , जॉन अब्राहम , नील नितिन मुकेश , इरफान खान , अलेक्जेंडर डायचेंको , अन्नू कपूर , नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।

फिल्म हैदर में तब्बू का अबतक का सबसे खतरनाक रोन माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में हैदर रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर , तब्बू , के के मेनन , श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।

अर्जुन की दरियादिली!

सड़क पर रोल बेच रहे मासूम की मदद के लिए आए सामने

सलमान खान स्टारर

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका

सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसमें सलमान और रश्मिका एक साथ स्क्रीन पर दिखाई देंगी। सिकंदर का निर्देशन ए.आर. मुरुगादोस ने किया है, जो गजनी और हॉलीडे-ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। गुरुवार को फिल्म के निर्माताओं ने रश्मिका के फिल्म से जुड़ने की घोषणा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, सिकंदर में सलमान खान के अपोजिट खूबसूरत रश्मिका मंदाना का स्वागत है! हम उनके ऑन-स्क्रीन जादू को देखने के लिए इंतजार नहीं कर पा रहे! ए.आर. मुरुगादोस द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के साजिद नाडियाडवाला द्वारा किया जाएगा। इससे पहले साजिद 2014 में रिलीज हुई किक में सलमान के साथ काम कर चुके हैं। इस बीच, रश्मिका, जिन्हें पिछली बार रणबीर कपूर के साथ ब्लॉकबस्टर एनिमल में देखा गया था, के पास अल्लू अर्जुन-स्टारर पुष्पा 2: द रूल भी है, जिसमें वह एक बार फिर श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी।

दिल्ली के लजीज खाने के शौकीन राजकुमार राव

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राजकुमार राव खाने के मामले में कभी पीछे नहीं रहते। वह राजमा-चावल, आलू परांठा और चाट के शौकीन हैं। गुरुग्राम के रहने वाले राजकुमार को दिल्ली की गलियों में मिलने वाले लजीज खाने का स्वाद बेहद पसंद है।

बात करते हुए उन्होंने बताया, मुझे दिल्ली का खाना सबसे बेहतरीन लगता है। एक्टर ने कहा, चूंकि मैं शाकाहारी हूं, इसलिए मुझे राजमा-चावल, आलू परांठा और फिर चाट भी बेहद पसंद है।

राजकुमार को वड़ा-पाव भी अच्छा लगता है।

राजकुमार राव ने कहा, वड़ा-पाव भी अच्छा है... चूंकि मैं वड़ा-पाव खाकर बड़ा नहीं हुआ हूं, इसलिए टेस्ट उतना डेवलप नहीं हो पाया है। लेकिन फिर भी ऐसी चीजें हैं जिनका स्वाद मुंबई में बेहतर है।

दोनों जगहों की अपनी पॉजिटिविटी और नेगेटिविटी हैं। राजकुमार अपनी अपकमिंग फिल्म श्रीकांत के रिलिज होने का इंतजार कर रहे हैं, जो 10 मई को सिनेमाघरों में आयेगी। फिल्म में ज्योतिका और शरद केलकर भी हैं। यह उद्योगपति श्रीकांत बोला के जीवन पर आधारित है।

ऋचा बदलना चाहती हैं

80 फीसदी देशों की सरकार

संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' खबरों में बनी हुई है। दरअसल एक तरफ, लोग सोशल मीडिया पर वेब सीरीज की तारीफ कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, शो के कलाकार आए दिन मीडिया में नए-नए खुलासे कर रहे हैं। पहले मनीषा कोइराला ने सीरीज में दिखाए गए ओरल सेक्स के बारे में बात की। फिर सोनाक्षी सिन्हा फोरप्ले-सेक्स सीन पर बोलीं। वहीं अब ऋचा चड्ढा ने देश की सरकार बदलने के बारे में बात की है।

क्या बोलीं ऋचा?

ऋचाचड्ढा ने कुछ समय पहले एक इंटरव्यू दिया था। उस इंटरव्यू में ऋचा ने कहा था कि अगर उनके पास तीन इच्छाएं मांगने का वरदान होता तो वह अपने लोगों की भलाई के लिए सरकार बदलने की शक्ति मांगतीं। ऐसे में बॉलीवुड बबल ने इंटरव्यू के दौरान ऋचा से पूछा कि क्या आज भी वह सत्ता बदलना चाहती हैं? तो एक्ट्रेस बोलीं, बहुत सारे देशों की सरकार बदलना चाहूंगी। मुझे लगता है कि 80त्न देशों की सरकार बदलना चाहूंगी। आपको नहीं लगता कि ये दुनिया कहीं और जा रही है?

क्यों बदलना चाहती हैं सरकार?

ऋचा ने आगे कहा, मतलब आज से 30-40 साल पहले मध्यवर्गीय वेतन पर लोग बहुत शानदार जीवन जीते थे, अपना घर खरीद लेते थे, अपनी गाड़ी पर खर्च कर लेते थे, स्कूटर ले लेते थे। उनके जीवन में थोड़ी शांति थी। खाना जो हमें अब मिल रहा है, तब थोड़ा सा साफ था। दूध में मिलावट कम थी। हवा थोड़ी साफ थी। पानी साफ था, लेकिन अब क्या हो रहा है?

माधुरी दीक्षित ने परिवार को समय देने के लिए एक्टिंग से लिया ब्रेक

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने ने अपने पति श्रीराम नेने के साथ परिवार को समय देने के लिए काम से ब्रेक लेने के अपने फैसले के बारे में बात की। किसका ब्रांड बजेगा पर बातचीत के दौरान, माधुरी ने अपने फैसले के बारे में बात की और कहा, मेरे लिए, यह उन सपनों में से एक है, जो मैंने खुद के लिए देखे थे। माधुरी ने 1999 में लॉस एंजिल्स के कार्डियोवैस्कुलर सर्जन श्रीराम से शादी की। उन्होंने 2003 में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया, जिसका नाम अरिन रखा और फिर दो साल बाद दूसरे बेटे रयान का जन्म हुआ। माधुरी ने कहा कि परिवार बनाना और बच्चे पैदा करना एक ऐसी चीज थी, जिसका वह हमेशा इंतजार करती थीं।

2022 में द फेम गेम से एक्टिंग में कमबैक करने वाली माधुरी ने बताया कि काम को छोड़कर परिवार को समय देने का फैसला करना आसान नहीं है।

शिंदा शिंदा नो पापा के प्रमोशन के बीच

हिना खान आई आमची मुंबई

एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म शिंदा शिंदा नो पापा के प्रमोशन में जुटी हैं। इस बीच वह एक दिन के लिए आमची मुंबई आई और उन्होंने बताया कि वह अपने बेड को कितना मिस कर रही हैं। हिना ने गुरुवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सबसे पहले एयरपोर्ट की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, होम सिर्फ एक दिन के लिए। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी कार से एक वीडियो शेयर किया और अपने वर्क लाइफ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम यहां सिर्फ एक दिन के लिए मुंबई में हैं, लेकिन अच्छा लग रहा है। मैं मां से मिलने जा रही हूं। मुझे अपने बेड की बहुत याद आ रही है और मैं बाकी सभी से मिलने जा रही हूं। मैं बहुत खुश हूं। कल हमारा प्रीमियर चंडीगढ़ में था और आज इसका प्रीमियर मुंबई में है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह एक प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी करने के लिए उत्तराखंड भी जाएंगी। हिना ने कहा, कल, मैं वापस उत्तराखंड के लिए फ्लाइट लूंगी। मेरे पास शेड्यूल का कुछ हिस्सा बाकी है। खत्म करके आना है... आमची मुंबई, होम। अच्छा लग रहा है। 10 मई को रिलीज होने वाली पंजाबी फिल्म शिंदा शिंदा नो पापा में गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल भी हैं।

- साभार एजेंसी